



RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 242 | कुशीनगर | शनिवार 03 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये

# यूपी में और बढ़ी रियायत

## 5 जुलाई से खुलेंगे मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल, जिम और स्टेडियम

लखनऊ,(एजेंसी)। लंबे समय से बंद चल रहे सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, जिम और स्टेडियम को योगी सरकार ने पांच जुलाई से खोलने की अनुमति दे दी है। सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, स्टेडियम 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खुलेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। कहीं भी नियमों का उल्लंघन होता है तो जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। योगी सरकार ने



यह निर्णय प्रदेश में घट रहे कोरोना को देखते हुए लिया है। संक्रमण दर न्यूनतम है। हर दिन ढाई लाख से अधिक कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर एक फीसदी से भी कम हो चुकी है। विगत दिवस विगत 24 घंटे में प्रदेश में 02 लाख 70 हजार 723 कोविड टेस्ट किए गए, इसी अवधि में संक्रमण के 133 नए मामले आये हैं, जबकि 228 मरीज उपचारित होकर स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 83 लाख 82 हजार से अधिक टेस्ट हो चुके हैं। अब तक 16 लाख 81 हजार 208 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। इससे पहले यूपी सरकार ने 21 जून से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए रेस्टोरेंट और मॉल को 50 फीसदी की क्षमता के साथ खोलने की इजाजत दी थी। इसके साथ ही पार्क, स्ट्रीट फूड के संचालन की भी अनुमति 21 जून से दे दी गई थी। कोरोना की कंट्रोल होती स्थिति को देखते हुए यूपी सरकार ने अब सरकारी दफ्तरों में शत प्रतिशत उपस्थिति का नियम लागू कर दिया है। साथ ही कोविड नियमों के पालन की शर्त लगाई गई है। सरकार के सख्त निर्देश हैं कि सभी स्थानों पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना करनी होगी।



**प्राचीन समय में राजा अपने राज्य या किले की रक्षा के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते थे। यहां तक कि वो सोने-चांदी, हीरे-जवाहरात की भी कीमत नहीं समझते थे। आज हम आपको एक ऐसे एतिहासिक किले के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इतिहास में अमर है, क्योंकि वहां जो घटना घटी थी, वो न तो दुनिया में कहीं और घटी है और न ही कभी घटेगी। इस घटना की वजह से ही किले का नाम विश्व इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है।**

## कांग्रेस की नीतियों के कारण ईधन की कीमतों में बढोतरी हो रही हैः महेश शर्मा



नोएडा,(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में ईंधन की कीमतों में वृद्धि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की नीतियों के कारण हो रही है। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर से सांसद शर्मा ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों को रोकना अब किसी सरकार या मंत्री के नियंत्रण में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्याप्त कदम उठा रही है और विचार कर रही है कि क्या पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी के तहत लाया जाना चाहिए।

## निजी स्कूलों की फीस में होगी 15 फीसदी की छूटः दिल्ली सरकार



नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यहां निजी विद्यालय लॉकडाउन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा उपयोग नहीं की गयी सुविधाओं के सिलसिले में 15 फीसद कटौती के साथ मासिक आधार पर फीस वसूल सकते हैं। सरकार ने यह भी कहा कि यदि किसी विद्यार्थी के अभिभावक वर्तमान मुश्किलों के चलते फीस देने में असमर्थ हैं तो विद्यालय प्रबंधन उस विद्यार्थी को किसी वर्तमान गतिविधि में भाग लेने से रोक नहीं सकता है और न ही उसका नाम काट सकता है। सरकार ने एक बयान में कहा, '' भ्रम दूर करते हुए और अभिभावकों को राहत प्रदान करते हुए दिल्ली सरकार ने 2020–21 के अकादमिक वर्ष में निजी विद्यालयों द्वारा मंजूर मदों के तहत मासिक आधार पर फीस में 15 फीसद कटौती के साथ फीस वसूलने का आदेश जारी किया है।

## मानसून 2 हफ्ते से अटका

# उत्तर भारत में 7 डिग्री चढ़ा पारा

### दिल्ली में 90 साल का रिकॉर्ड टूटा, पाकिस्तान से आने वाली हवाओं ने बढ़ाई गर्मी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। मानसून की शुरुआती झमाझम से मिली राहत के बाद अब गर्म हवाओं ने मुश्किल खड़ी कर दी है।पिछले दो सप्ताह से मानसून अटका हुआ है। गर्मी लौट आई है। उत्तर भारत के राज्यों में पारा सामान्य से 7 डिग्री ऊपर चल रहा है। दिल्ली में गर्मी ने 90 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। राजधानी के मंगेशपुर इलाके में गुरुवार को तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले 1 जुलाई 1931 को पारा 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, जुलाई का पहला दिन 9 सालों बाद सबसे गर्म रहा है। इन दिनों सामान्य तौर पर तापमान 37–38 डिग्री रहता है। इससे पहले साल 2012 कि जुलाई महीने में 43.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था। उससे पहले एक जुलाई 1931 को पारा 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। पिछले 2 दिनों से दिल्ली में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जो सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। हालांकि, 3 जुलाई तक दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। प्रादेशिक मौसम विभाग के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्वत के मुताबिक, पूर्वी दिशा से आने वाली नमी वाली हवाओं को पश्चिमी दिशा से चल रही पश्चिमी हवाएं रोक रही रही हैं। इस लिए दिल्ली को मानसून के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा और न्च भी चपेट में दिल्ली के साथ हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और पश्चिमी यूपी के इलाके तीन दिन से जबरदस्त लू की चपेट में हैं। इन इलाकों में अभी माानसून की एंट्री भी नहीं हुई है। दरअसल, पाकिस्तान से आने वाली हवाएं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसमान में मानसून की हवाओं को दो हफ्ते से रोके हुए हैं। एक–दो दिन में मिल सकती है राहत केरल में दो दिन की देरी से पहुंचा मानसून इतना तेज दौड़ा कि 10 दिन में ही देश के 80: हिस्से में छा गया, लेकिन अब अटका हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि 3 जुलाई से अरब सागर से नम हवाएं गुजरात, राजस्थान और दिल्ली पहुंचने लगेंगी, तब गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मानसून का ब्रेक 7 जुलाई तक जारी रह सकता है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं उत्तर भारत में पहुंचने लगेंगी, तब मानसून फिर सक्रिय होगा। 11–12 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र भी बनेगा, जिससे कमजोर पड़े मानसून को ताकत मिलेगी। हालांकि, तब तक थोड़ी देर हो जाएगी। क्योंकि, आमतौर पर 8 जुलाई तक मानसून पूरे देश में छा जाता है, लेकिन इस बार इसमें एक हफ्ता ज्यादा लग सकता है। मुश्किल डगर है बारिश




करने वाले बादलों की पंजाब–हरियाणा–राजस्थान में लगातार पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जिसके चलते मानसून की उत्तरी रेखा का पूर्वी छोर 13 जून और पश्चिमी छोर 19 जून को जहां पहुंचा था, एक जुलाई को भी वहीं ठहरा रहा। अगले 7 दिन भी शायद आगे नहीं बढ़े। मानसून रेखा बाड़मेर, भीलवाड़ा, धौलपुर, अलीगढ़, मेरठ, अंबाला और अमृतसर में बीते दो हफ्ते से अटकी हुई है। इस बार मानसून दस्तक देने के 10वें दिन ही चार राज्यों को छोड़ देश के 80: भूभाग में छा गया था। अब आगे नहीं बढ़ रहा है। प्डक के मुताबिक, मानसून के दौरान जून में देशभर में 16.7 सेमी बारिश होती है, इस बार 18.3 सेमी बारिश हुई है। यानी मानसून के पहले महीने में सामान्य से 10: ज्यादा बारिश हुई है। मध्य भारत में सर्वाधिक 17: ज्यादा बारिश हुई है।

## पंजाब कांग्रेस में सुलह का फॉर्मूला जल्द निकाल सकती है पार्टी की आलाकमान

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस की पंजाब इकाई में चल रही कलह को दूर करने के मकसद से पार्टी आलाकमान जल्द ही मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू के लिए सम्मानजनक स्थिति वाला फार्मूला निकाल सकता है। पार्टी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं, कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने संवाददाताओं से बातचीत में फिर दोहराया कि इस मामले का 8–10 जुलाई तक समाधान निकल सकता है। उन्होंने कहा कि सिद्धू ने कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष अपनी बातें रखी हैं और इससे मुद्दे के समाधान में मदद मिलेगी। सिद्धू ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के साथ लंबी बैठक की थी। माना जा रहा है कि इन बैठकों में कांग्रेस आलाकमान



की ओर से सिद्धू को पार्टी या संगठन में सम्मानजनक स्थान की पेशकश के साथ मनाने का प्रयास किया गया। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के खिलाफ सिद्धू के सख्त रुख को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान दोनों नेताओं के लिहाज से संतोषजनक समाधान निकालने का प्रयास कर रहा है और इसका फार्मूला जल्द सामने आ सकता है। इस बीच, मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने पंजाब के शहरी इलाकों के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में शामिल हुए ज्यादातर नेताओं का ताल्लुक हिंदू समुदाय से है। राज्य में बहुसंख्यक आबादी सिख है। अमरिंदर सिंह की इस बैठक को भी शक्ति प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है। हाल के दिनों में सिद्धू लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वह मुख्यमंत्री के साथ काम नहीं कर सकते।

## राहुल गांधी ने टीके उपलब्ध नहीं होने का दावा किया, हर्षवर्धन का जोरदार पलटवार

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में कोविड–19 रोधी टीकों की कथित कमी का हवाला देते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि जुलाई का महीना आ गया है, लेकिन टीके नहीं आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि अहंकार और अज्ञानता के वायरस का कोई टीका नहीं है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''जुलाई का महीना आ गया है, वैक्सीन नहीं आयीं।'' हर्षवर्धन ने उन पर पलटवार करते हुए ट्वीट किया, '' अभी कल ही मैंने जुलाई के लिए टीके की उपलब्धता को लेकर तथ्य सामने रखे थे। राहुल गांधी जी की समस्या क्या है? क्या वह समझते नहीं हैं? अहंकार और अज्ञानता के वायरस का कोई टीका नहीं है। कांग्रेस को अपने नेतृत्व में आमूल–चूल बदलाव के बारे में विचार करने की जरूरत है।'' दरअसल, कांग्रेस का दावा है कि सरकार ने इस साल दिसंबर तक देश के सभी वयस्क नागरिकों को टीका लगाने का जो लक्ष्य रखा है उसे पूरा करने के लिए उचित संख्या में टीकाकरण नहीं हो रहा है क्योंकि टीके की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है।



## सीएम योगी के साथ कोई मनमुटाव नहींः केशव प्रसाद मौर्य

नई दिल्ली,(एजेंसी)। अगले साल यूपी में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसको लेकर अभी से सियासी समीकरण बनने–बिगड़ने शुरू हो गए हैं। ऊपर से लव जिहाद और धर्मांतरण का मुद्दा भी जोर पकड़ रहा है। इन सब के बीच यूपी के डिप्टी ब्ड केशव प्रसाद मौर्य ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। इसमें उन्होंने ट्विटर, धर्मांतरण से लेकर यूपी चुनाव से संबंधित सभी मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने दावा किया कि इस बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और पार्टी 300 से ज्यादा सीटें हासिल करेगी। पढ़िए उस बातचीत के प्रमुख अंश... सवालः आपके राज्य में ट्विटर के खिलाफ केस दर्ज हुआ है क्या आगे कार्रवाई होगी? जवाबः सार्वजनिक रूप से कोई भी प्लेटफॉर्म हो चाहे वह ट्विटर हो या फेसबुक या प्रिंट




मीडिया कोई भी हो, उसे हर बात का ध्यान रखना चाहिए। किसी खबर को गलत ढंग से प्रस्तुत करना सही नहीं है। उसने कई एकाउंट भी बैन कर दिए, जो गलत है। ट्विटर ने गलती की है और हमने केस दर्ज किया है। जांच हो रही है, निश्चित रूप से कार्रवाई भी होगी। सवालः देश में धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में जम्मू कश्मीर और आपके राज्य में भी सामने आये हैं, इस पर आपका क्या कहना है? जवाबः उत्तर प्रदेश हो या देश का कोई अन्य राज्य किसी को भी झूठ बोलकर बहलाकर या फिर धोखा देकर, लालच देकर धर्मांतरण करवाने का कोई अधिकार नहीं है।

# हरदोई में मां ने बेटी को जिंदा दफन किया था

हरदोई। हरदोई जिले में एक मां द्वारा खाना नहीं दे पाने के कारण अपनी दो साल की बच्ची को दफनाने के मामले में प्रशासन अब झूठा दावा कर रहा है। प्रशासन का दावा है कि महिला मानसिक रूप से बीमार है और जिसकी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया है। लेकिन बच्ची की तस्वीरें ये साफ बयां कर रही हैं कि न तो उसे भरपेट भोजन मिला और न ही पोषण। प्रशासन का दावा– मानसिक बीमार है महिला जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दावा किया कि महिला के पति की मौत के बाद महिला मानसिक रूप से बीमार थी। इसलिए उसने ये कदम उठाया। अफसर ने बताया कि बच्चों को आँगनबाड़ी केंद्र से सूखा राशन यानी पोषक तत्व भी दिए जा रहे हैं। लेकिन सवाल ये है कि पोषक तत्व खाकर भी बच्ची कैसे कुपोषित हो गयी और एक मां बच्ची को दफनाने पर कैसे मजबूर हो गयी। मामले को निराधार बताने में जुटा प्रशासन लोनार के सकरौली ग्राम में मां ने बच्ची को जिंदा दफनाने के मामले में अब प्रशासन तेजी से कार्रवाई करने के मूड में आ गया है। कुछ ही घण्टों में एक नहीं बल्कि 3–3 विभागों की आख्या प्रस्तुत कर दी गयी। ये वही प्रशासन है जो बच्ची के कपोषित होने और उसके दफनाये जाने के इंतजार में था, क्योंकि उससे पहले ऐसी तेजी दिखती तो एक मां को ऐसा कदम नहीं उठाना पड़ता।

महिला की हर संभव मदद करेगा प्रशासन जिला प्रोबेशन

**बेटी... तुम्हें जिंदा दफनाने के गुनहगार हम हैं..**




अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि लोनार थानान्तर्गत सकरौली ग्राम में एक महिला ने अपने बच्चे को जिंदा दफन करने का प्रयास किया। चाइल्ड लाइन को सूचना मिली कि ग्राम सकरौली में एक महिला द्वारा अपनी जिंदा बच्ची को दफनाने का प्रयास किया गया है। इस सम्बन्ध में टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बच्ची को रेस्क्यू कर एनआरसी में भर्ती करा दिया गया। माता तथा बच्ची पहले से ही स्वस्थ्य हैं। शीघ्र ही वन स्टॉप सेन्टर में काउंसलर द्वारा महिला की काउंसिलिंग करा दी जायेगी तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता की जायेगी। डीएम ने कहा दोषियों पर कार्रवाई होगी जिलाधिकारी अविनाश कुमार से इस सम्बंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राशन कार्ड में महिला का एक यूनिट दर्ज था, वो खुद भी इस मामले पर नजर बनाये हुए हैं और जमीनी हकीकत को वो खुद से भी जांच कर रहे हैं। अगर कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कई दिनों से नहीं मिल रहा था खाना दरअसल हरदोई के लोनार थाना सकरौली गांव में भगवानदीन की 2 वर्ष पहले मौत हो गई थी। भगवान दीन अपने पीछे तीन बच्चे और पत्नी को छोड़ गया था। भगवानदीन की मौत के बाद उसकी पत्नी एक बेटा और दो बेटियां गांव में मांगकर और कुछ छोटा मोटा काम करके गुजारा करने लगी। खाने पीने की व्यवस्था न देखकर भगवान दीन की बहन उसके बेटे को लेकर अपने साथ ले गई। यहां भगवान दीन की पत्नी और सात साल की बेटी नंदिनी और 2 साल की बेटी मधु रह गईं। जैसे, तैसे इन तीनों का गुजारा चल रहा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनके खाने का कोई इंतजाम नहीं हो पा रहा था। महिला ने ग्रामीणों को भी अपनी समस्या नहीं बताई थी।

## क्षय रोग मरीजों की बनेगी सूची

बांदा, (यूएनएस)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत रैली के साथ हुई। अपर निदेशक (चिकित्सा एवं परिवार कल्याण) डा. आरबी गौतम और सीएमओ डा. एनडी शर्मा ने हरी झंडी दिखाई। अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इसमें स्वास्थ्य कर्मी मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, मस्तिष्क ज्वर आदि बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे।क्षय रोग और बुखार से ग्रसित लोगों की सूची बनेगी व मुफ्त जांच होगी। अपर निदेशक ने बताया कि 12 से 25 जुलाई तक आशा व आंगनबाड़ी घरों में भ्रमण कर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी और स्टीकर लगाएंगी। क्षय रोग व बुखार से पीड़ित लोगों की सूची बनाई जाएगी। मच्छरों के पैदा होने वाली परिस्थितियों का निरीक्षण करेंगे। सीएमओ ने कहा कि संचारी रोग एवं दस्तक अभियान से जुड़े विभाग इसमें सहयोग दें। संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वच्छता व शुद्ध पेयजल के प्रति जागरुकता जरूरी है। पालिका व पंचायतें एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग कराएं। बीएसए, डीआईओएस बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। एसीएमओ डा. आरएन प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एमसी पाल, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, अधिशासी अधिकारी बुद्धि प्रकाश व कर्मचारी आदि मौजूद रहे। उधर, नरैनी नगर पंचायत अध्यक्ष ओममणि वर्मा ने संचारी रोग और कोविड–19 नियंत्रण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। साथ ही तुलसी व गेंदा के पौधे सीएचसी परिसर में रोपे और कर्मचारियों को भी इन पौधों को वितरण किया गया। एसडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने संचारी रोग नियंत्रण के बारे में बताया। महिला पिंक बूथ में वैक्सीनेशन का जायजा लिया। चिकित्साधीक्षक डा. बीएस राजपूत, तहसीलदार सुशील सिंह, बीईओ शिवऔतार, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक दीपेंद्र मिश्रा, संचारी रोग प्रभारी रामकिशोर आदि मौजूद थे।

## अमलीकौर ग्राम समूह जल परियोजना का भूमि पूजन

बांदा, (यूएनएस)। जसपुरा ब्लॉक क्षेत्र के सिक हुला गांव के मजरा क्योटरा डेरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अमलीकौर ग्राम समूह जल परियोजना का भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश कुमार प्रजापति, डीएम आनंद कुमार सिंह, एडीएम नमामि गंगे एमपी सिंह, एसडीएम पैलानी रामकुमार ने हवन–पूजन किया। विधायक और जिलाधिकारी ने नारियल फोड़कर व जेसीबी से खुदाई कराकर परियोजना की नींव रखी। परियोजना स्थल पर आम का पौधा लगाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले शहरों में लोग टोटी खोलकर पानी पीते थे, अब प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रयास से गांव और मजरों के लोग टोटी खोलकर पानी पीएंगे। एडीएम नमामि गंगे ने कहा कि अब तक जो भी जल संस्थान की तरफ से टंकियां बनतीं थीं, वह 5 या 6 साल चलतीं थीं, लेकिन अब जो पानी की टंकी बनेगी वह 10 साल तक चलेगी। इस मौके पर सनद कुमार नायक, प्रधान सुरेंद्र पाल, सचिव पूजा सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज गोस्वामी, पीआरओ मनोज प्रजापति, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भजन सिंह, विद्या विनोद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## बदहाल बिजली पटरी पर लाने की कवायद

बांदा, (यूएनएस)। शहर की बदहाल बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद की जा रही है। तुलसी नगर सब स्टेशन की आठ एमवी क्षमता बढ़ाई गई है। एक नया स्टेशन रोड फीडर चालू हो गया। भूरागढ़ फीडर से जुड़े 400 एमवीए ट्रांसफार्मर को छोटी बाजार फीडर से जोड़ दिया गया है। ट्रिपिंग समस्या से जूझ रहे कुछ अन्य फीडरों का लोड भी बांटा गया है। सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक प्रकाश द्विवेदी व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने तुलसी नगर सब स्टेशन में स्थापित नए आठ एमवी ट्रांसफार्मर की पूजा–अर्चना कर शुरुआत की। अब इसकी क्षमता बढ़कर 10 से 18 एमवी हो गई है। वहीं शहर के पीली कोठी सब स्टेशन में एक नया स्टेशन रोड फीडर बुधवार से चालू हो गया। विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ और भाजपा जिला मंत्री पंकज रैकवार ने इसकी शुरुआत की। जेई कांता प्रसाद ने बताया कि पीली कोठी, स्टेशन रोड व पद्माकर चौराहे में लगे ट्रांसफार्मरों को नए फीडर से जोड़ा गया है। छाबी तालाब में लगे 400 एमवीए समेत कुछ ट्रांसफार्मर को भूरागढ़ फीडर से हटाकर छोटी बाजार से जोड़ दिया गया। छोटी बाजार फीडर के कुछ ट्रांसफार्मर महेश्वरी देवी फीडर से जोड़े गए हैं, जिससे लोगों को ओवरलोड से होने वाली ट्रिपिंग समस्या से निजात मिल सके। इस मौके पर जेई रविकांत अनुरागी, सुरेश सिंह, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, पुष्कर द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, स्वर्ण सिंह सोनू, रोहित तिवारी, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

## फर्म मालिक पिता–पुत्र पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

बांदा, (यूएनएस)। किसानों का भुगतान न करने पर सीमावर्ती फतेहपुर में स्थित प्राइवेट फर्म के मालिक और उसके पिता के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। किसानों का आरोप है कि बबेरू कृषि मंडी समिति से 521 बोरा धान प्राइवेट फर्म को बेचा था। लगभग नौ लाख रुपये भुगतान फंसा है। अंडौली गांव के किसान जितेंद्र सिंह, रामहित, मनहरण, शिवकरन तिवारी, शिवनरेश, रमेश, राजू व उमा आदि ने अर्जी देकर बताया था कि 15 फरवरी को उन्होंने बबेरू मंडी समिति से अवसार तारापुर (मलवा, फतेहपुर) निवासी की फर्म को 521 बोरा 62 किलोग्राम धान बेचा था। फर्म के कर्मी इन्हें तीन ट्रकों पर ले गए थे। इसकी कीमत लगभग 9,04,760 रुपये है। चार माह से भुगतान के लिए फर्म के चक्कर लगा रहे हैं। फर्म मालिक और उनका बेटा बहाना बनाकर उन्हें लौटा रहे हैं। खातों में राशि भेजने को कहा गया।

## इकबाल और टैगोर के नैतिक दर्शन पर पेपर प्रस्तुत किया

अलीगढ़, (यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर लतीफ हुसैन शाह काजमी ने सेंटर फार मोरल डेवलपमेंट, ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में अल्लामा इकबाल और रवींद्रनाथ टैगोर की काव्य प्रतिक्रिया और दर्शन पर एक पेपर प्रस्तुत किया। इकबाल और टैगोर का नैतिक दर्शनः एक तुलनात्मक समीक्षा विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर काजमी ने कहा कि दोनों कवि अपनी स्थानीय और पश्चिमी संस्कृतियों से परिचित थे और अपने समय के दार्शनिक और धार्मिक धाराओं से लाभान्वित हुए। इकबाल और टैगोर के सामान्य तत्वों के बारे में बात करते हुए प्रो. काजमी ने कहा कि दोनों महान कवि, समाज सुधारक, राजनीतिक कार्यकर्ता, परोपकारी, अध्यात्मवादी और नैतिक विचारक थे। उन्होंने कहा कि इकबाल और टैगोर वैश्विक साहित्यिक और सामाजिक–राजनीतिक समुदाय के प्रभावशाली व्यक्ति थे। वह आध्यात्मिकता, देशभक्ति, मानवता, अंतर्राष्ट्रीयता, सार्वभौमिकता के भाव से ओतप्रोत थे। प्रोफेसर काजमी ने बताया कि टैगोर एक महान दार्शनिक और प्रतिभाशाली शिक्षक थे, जिन्होंने हमेशा मानव प्रयास के सभी पहलुओं में नैतिक साहस दिखाया। एक महान नागरिक के रूप में उन्होंने पूरी मानवता के लिए सही और अच्छे के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि टैगोर का मानना था कि एक अच्छा समाज अच्छे लोगों से बनता है। उनका मानना था कि नैतिक कार्य समाज में न्याय, स्वतंत्रता और खुशी लाती है तथा घर स्कूल से लेकर स्कूल के बाद की गतिविधियों तक सामाजिक संबंधों, आपसी समझ और एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करती है। इकबाल के नैतिक दर्शन पर टिप्पणी करते हुए प्रोफेसर काजमी ने कहा कि इकबाल के लिए पवित्र कुरान और पैगंबर की परंपरा हर विचार और कला का मुख्य स्रोत है। इकबाल के अनुसार कुरान 'विचार' के बजाय 'कर्म' पर जोर देता है और मानव अहंकार की प्रकृति में ज्ञान, स्वतंत्रता और सृजन के गुण हैं। व्याख्या करते हुए प्रोफेसर काजमी ने कहा कि इकबाल ने जोर देकर कहा कि कर्म जीवन को स्वर्ग या नरक बनाता है। उन्होंने कहा कि इकबाल के अनुसार व्यक्ति और समाज के बीच गहरा संबंध है। उन्होंने इकबाल को यह कहते हुए उद्धृत किया कि एक मुसलमान का स्वभाव दया है। वह दोनों हाथों और जुबान से दुनिया में दया करता है। प्रोफेसर काजमी ने कहा कि इकबाल और टैगोर दोनों ने राष्ट्र के लिए गीत लिखे। टैगोर का 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान बना और इकबाल का 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' तरानाा–ए–हिन्दी बन गया। प्रोफेसर काजमी ने कहा कि दोनों कवियों ने मानवता और आध्यात्मिकता के साथ मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर जोर दिया और उनके प्रशंसक आज भी इन मूल्यों को अपने दिल में रखते हैं। प्रोफेसर काजमी ने कहा कि इकबाल और टैगोर ने वही लिखा, पढ़ाया और प्रचार किया जिसे वे मानवता और भारत के लिए लाभदायक मानते थे। उनका मानना था कि नैतिक कार्य समाज में न्याय, स्वतंत्रता और खुशी लाती है तथा घर स्कूल से लेकर स्कूल के बाद की गतिविधियों तक सामाजिक संबंधों, आपसी समझ और एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करती है। इकबाल के नैतिक दर्शन पर टिप्पणी करते हुए प्रोफेसर काजमी ने कहा कि इकबाल के लिए पवित्र कुरान और पैगंबर की परंपरा हर विचार और कला का मुख्य स्रोत है। इकबाल के अनुसार कुरान 'विचार' के बजाय 'कर्म' पर जोर देता है।

## महिलाओं को साड़ियां बांटते सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष व सपा जिलाध्यक्ष आदि

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर धौरहीमाफी गांव में गरीबों के बीच साडी व फल बांटे। उन्होंने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन दो दिनों तक मनाया जायेगा। शिविर में गरीब महिलायें



बांटे गये। गुरुवार को कर्वी ब्लाक के धौरहीमाफी गांव में सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव समेत तमाम सपा नेताओं ने गरीबों के बीच साड़ी व फल साडियां पाकर खुशी–खुशी अपने घर गईं। महिलाओं ने अखिलेश यादव को दीर्घायु होने का आशीष दिया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बताया कि धौरही गांव में अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सौ गरीब महिलाओं को समाजवादी व्यापार सभा के संयोजन में साडी व फल बांटे गये हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ही एकमात्र सूबे में नेता हैं जो भाजपा को पुरजोर टक्कर देने में सक्षम हैं। उनके हाथों को 2022 में सभी लोग मजबूत कर सक्षम सरकार बनवाने में सहयोग करें। सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुलकर विरोधी जता रहे हैं। अखिलेश सरकार की जनहितकारी नीतियों को सपाई जन–जन तक पहुंचायें। इस मौके पर सपा व्यापार सभा के हिमांशू गुप्ता, केके गुप्ता, गीता गुप्ता, विवेक गुप्ता, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शन करते नौजवान भारत सभा के युवा

चित्रकूट। नौजवान भारत सभा ने 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में सूबे के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज व गिरफ्तारी के खिलाफ मऊ ब्लाक के भैरमपुर गांव में सावित्री बाई फूले पार्क में प्रदर्शन किया। गुरुवार को नौजवान भारत सभा के रवि ने कहा कि सूबे की योगी सरकार शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले से आरक्षित वर्ग की 25 हजार सीटों को क्षति पहुंचाई है। छात्र युवा भर्ती में नई मेरिट लिस्ट जारी करने, घोटाले में शामिल अभ्यर्थियों को दंडित करने और शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी तथा कार्मिक मंत्री के पद पर बैठे उपमुख्यमंत्री की इस्तीफे की मांग को लेकर सरकार के सामने पहुंचे तो उन पर




लाठियां बरसाई गईं। प्रदेश में रोजगार के नाम पर योगी सरकार केवल जुमले उछालने में लगी है। चार साल में चार करोड़ नौकरियों का जुमला उछालने वाली सरकार की हकीकत ये है कि सूबे के सभी सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि थोडी–बहुत जो भर्तियां निकल रही हैं उनमें आरक्षण नियमों को ताक पर रखकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। हाल में शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के भाई को ईडब्ल्यूएस कोटे से सिद्धार्थनगर में नौकरी दी गई। जब हल्ला हुआ तो इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। हालत ये हैं कि बहुत से योग्य छात्र युवा कई वर्षों तक तैयारी करने के बाद भी धक्के खा रहे है। कुछ दिनों पहले प्रदेश सरकार सभी भर्तियों में पांच साल के लिए अनिवार्य संविदा लागू करने जा रही थी। छात्रों ने अपनी एकता के दम पर सरकार को मुंहतोड जवाब दिया। नौजवान भारत सभा के सुरेश ने बताया कि परसों ही पटना में एसटीईटी के छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ। देश भर में छात्रों–युवाओं पर हमले का दौड तेज हो चुका है। सरकारी विभागों को औने–पौने दामों पर निजी हाथों में बेंचा जा रहा है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर बर्बर हमले हो रहे हैं। आज देश भर में युवाओं, छात्रों को क्रान्तिकारी एकजुटता के दम पर इस हमले का जवाब देना होगा। विरोध प्रदर्शन में रवि, वीरेन्द्र, रामसलोने, राहुल, कुलदीप, अजय, अंकित, सुरेश आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## 105 लोगों का हुआ टीकाकरण

उरई/जलौन, (यूएनएस)। भाजपा महिला मोर्चा व भारत विकास परिषद, नगर पालिका की ओर से गोपालगंज स्थित धर्मशाला मे 45 प्लस के लोगों का टीकाकरण किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की बुंदेलखंड की क्षेत्रीय अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने किया। यहां 105 लोगों की टीकाकरण हुआ। महिला मोर्चा की ओर से चिकित्सकों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान प्रीति बंसल, रश्मि गुप्ता, कल्पना, निशा, शांति स्वरूप माहेश्वरी, लालू गुप्ता, अनिल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने किया टीकाकरण शिविर का शुभारंभ

उरई/जलौन, (यूएनएस)। टीकाकरण अभियान के तहत सीएचसी और अर्बन द्वारा कोंच कस्बे में डेढ़ सौ, नदीगांव सीएचसी के अंतर्गत नदीगांव ब्लॉक के गांवों में दो सौ और पिंडारी पीएचसी अंतर्गत कोंच ब्लॉक के गांवों में छह सौ लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। वैक्सीन की कमी की वजह से कई लोगों को टीका लगवाए बिना ही वापस लौटना पड़ा है। कोंच में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित सेवा भारती के तहत मोहल्ला गांधीनगर में नगर कार्यवाह पवन झा के निवास पर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। संघ के जिला प्रचारक यशवीर, नरोत्तमदास स्वर्णकार, विधायक मूलचंद्र निरंजन की मौजूदगी में टीकाकरण किया गया।

## महिला ने फांसी लगाकर जान दी

उरई/जलौन, (यूएनएस)। अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के तिलक नगर निवासी नीतू (30) ने गुरुवार की रात घर पर कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पति आशीष सुबह विद्यालय गया था और परिवार के लोग घर के नीचे वाले हिस्से में थे। महिला की शादी वर्ष 2010 में हुई थी। मायका ग्राम रेढर में हैं। नीतू के दो छोटी– छोटी बेटियां भी हैं। पुलिस का कहना है कि फिलहाल अभी तक कोई आरोप प्रत्यारोप की बात भी सामने नहीं आई है।

## ट्रैक के पास मिला अज्ञात युवक का शव

उरई/जलौन, (यूएनएस)। राठ रोड क्रासिंग के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सिर और चेहरे पर चोट के निशान भी थे। पुलिस ने शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उरई पुलिस का कहना है कि पहचान के बाद ही जानकारी हो पाएगी कि मामला हादसे का है या फिर आत्महत्या का।

## किसानों को दी प्रमाणित बीज बोने की सलाह

उरई/जलौन, (यूएनएस)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन ऑयल सीड योजना अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन राजकीय बीज गोदाम के परिसर में हुआ। इसमें किसानों को प्रमाणित बीज बोने की सलाह दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि खरीफ में बोई जाने वाली फसलों जैसे उड़द, मूंग, अहर, ज्वार, बाजरा, तिल आदि के प्रमाणित बीज ही बोए। इस समय तापमान ज्यादा है, फसलों की बुआई बारिश होने के बाद ही करें। साथ ही उड़द, मूंग, तिल, बाजरा आदि फसलों की कम अवधि वाले प्रजातियों की बुआई करें। किसानों को बीज शोधन जरूर करने की सलाह दी। कृषि वैज्ञानिक सुंदर सिंह कुशवाहा ने किसानों को जैविक खेती के बारे में बताया। अतुल कुमार राव ने बीज गोदाम पर उपलब्ध बीज व कीटनाशक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीजों पर मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया। इस दौरान गिरेंद्र कुमार शर्मा, महेश सिंह, उमेश चंद्र, लोकेंद्र सिंह, धर्मसिंह आदि मौजूद रहे।

## जेएन मेडिकल कालेज को 10 आक्सीजन कंसेनट्रेटर दान

अलीगढ़, (यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और संयुक्त अरब अमीरात स्थित उद्योगपति तारिक चौहान (ग्रुप सीईओ, ईएफएस फैसिलिटी सर्विसेज, दुबई) ने एएमयू के जेएन मेडीकल कालिज अस्पताल को 10 आक्सीजन कंसेनट्रेटर दान किये। कंपनी के प्रतिनिधि श्री गणेश राम (एडमिन मैनेजर, ईएफएस फैसिलिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) और सिदरा जुनैद ने शाहिद अली सिद्दीकी, प्रिंसिपल, मेडिकल कालेज को कॉन्सेंट्रेटर भेंट किये। अपने संदेश में श्री चौहान ने कहा कि एएमयू ने उन्हें कठिन परिस्थितियों में खड़ा होना सिखाया है। वह अपनी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए एएमयू के आभारी हैं और जरूरत के समययह एक छोटा सा दान है। श्री चौहान की सराहना करते हुए एएमयू के कुलपति प्रो तारिक मंसूर ने कहा कि पूर्व छात्र हमारी ताकत हैं, जिन्होंने संकट के समय हमारी मदद की है। जेएन मेडिकल कालेज अस्पताल को आक्सीजन कंसंट्रेटर्स का तोहफा एक अच्छा कदम है।

## जूनियर रेजिडेंट ने पेपर प्रस्तुत किया

अलीगढ़, (यूएनएस)। साक्षी गुप्ता, पीजी छात्र और जूनियर रेजिडेंट, बाल रोग विभाग, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने रायल कालेज आफ पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ, लंदन के वार्षिक सम्मेलन में थैलेसीमिया पर आधारित पेपर पस्तुत किया। उन्होंने अपने सुपरवाइजर डा. आयशा अहमद, प्रो. जेबा जेड रब, सलीक पी. के. और नाजिश के साथ लेख का सह–लेखन किया। डा आयशा अहमद ने कहा कि चूंकि थैलेसीमिया बच्चों में आम है, इसलिए इस क्षेत्र में शोध से बच्चों के जीवन में सुधार होगा।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

अलीगढ़, (यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज के स्वास्थ्य कर्मियों ने देश में संभावित तीसरी लहर से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। एनेस्थिसियोलाजी और क्रिटिकल केयर विभाग के सहायक प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट डाक्टर, रेजिडेंट डाक्टर और नर्सों को इंटुबैशन प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. तारिक मंसूर की सलाह पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। एनेस्थिसियोलाजी और क्रिटिकल केयर विभाग के अध्यक्ष प्रो. काजी एहसान अली ने कहा कि हमने 21 जून से 30 जून तक तीन अलग–अलग समय में प्रशिक्षण पूरा किया है, जिसमें सहायक प्रोफेसर और वरिष्ठ रेजिडेंट शामिल हुए। जूनियर रेजिडेंट्स और नर्सों के दो बैच अगले दस दिनों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि जेएनएमसी में अपनी तरह की यह पहली ट्रेनिंग जेएनएमसी के प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद अली सिद्दीकी के सहयोग से संभव हुई है।

# सानिया और माटेक सैंड्स ने विंबलडन चौंपियनशिप में जगह बनाई




सानिया मिर्जा और उनकी अमेरिकी जोड़ीदार बेथानी माटेक–सैंड्स ने गुरुवार को विंबलडन चौंपियनशिप के महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सानिया मिर्जा और बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी ने छठी वरीयता प्राप्त देसीरा क्रावजिक और एलेक्सा गुआराची को हराकर महिला युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सानिया और माटेक–सैंड्स की शुरुआत धीमी रही लेकिन लय हासिल करने के बाद दोनों ने मैच पर अपना दबदबा कायम रखा और एक घंटे 27 मिनट में अमेरिकी–चिली की जोड़ी के खिलाफ 7–5, 6–3 से जीत दर्ज की। रोहन बोपन्ना और दिविज शरण हालांकि पुरूष युगल वर्ग के पहले ही दौर में एडुआर्ड रोजर वेसलीन और हेनरी कोटिनेन से 6 . 7, 4 . 6 से हारकर बाहर हो गए। दोनों ने तोक्यो ओलंपिक के लिये जोड़ी बनाई थी लेकिन क्वालीफाई नहींक र सके। सानिया और बेथानी पर मैच की शुरुआत में हीदबाव आ गया जब तीसरे गेम में बेथानी की सर्विस पर सात बार ड्यूस हुआ। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन डबल फॉल्ट किए लेकिन तीन ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद अपनी सर्विस भी बचा ली। सानिया और बेथानी को भी विरोधी की सर्विस तोड़ने का मौका मिला जब अमेरिकी खिलाड़ी ने नेट पर वॉली पर अंक बनाने का मौका गंवा दिया। बायें हाथ की खिलाड़ी डेसिरे ने इसके बाद शानदार सर्विस करते हुए अपनी सर्विस बचाई। एलेक्सा ने 12वें गेम में 15–30 पर सर्विस करते हुए फोरहैंड बाहर मारकर विरोधी जोड़ी को दो सेट प्वाइंट दिए और सानिया ने स्मैश के साथ पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में सानिया और बेथानी ने एक बार फिर एलेक्सा की सर्विस तोड़कर 3–1 की बढ़त बनाई जिसके बाद इस जोड़ी को सेट और मैच जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। अंकिता रैना गुरुवार को ही अमेरिका की अपनी जोड़ीदार लॉरेन डेविड के साथ उतरेंगी। यह पहली बार होगा जब ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में दो भारतीय महिला खिलाड़ी खेलेंगी।

## भारतीय महिला तैराक माना पटेल को मिला तोक्यो ओलपिंक का टिकट

*भारतीय तैराक माना पटेल को भी ओलंपिक का टिकट मिल गया है।माना ने ओलंपिक्स.कॉम से कहा कि,यह शानदार अहसास है।*



नयी दिल्ली। भारतीय महिला तैराक माना पटेल को भी तोक्यो ओलंपिक का टिकट मिल गया है। भारतीय तैराकी महासंघ (एएफआई) के अनुसार माना की विश्वविद्यालय कोटा से तोक्यो ओलंपिक में भागीदारी की पुष्टि हो गयी है। माना तोक्यो खेलों में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेगी। वह इन खेलों के लिये क्वालीफाई करने वाली तीसरी भारतीय तैराक है। श्रीहरि नटराज और साजन प्रकाश ने हाल में ओलंपिक क्वालीफिकेशन टाइमिंग (ओक्यूटी) में 'ए' स्तर हासिल करके क्वालीफाई किया था। विश्वविद्यालय कोटा से किसी एक देश के एक पुरुष और एक महिला प्रतिस्पर्धी को ओलंपिक में भाग लेने का मौका मिलता है बशर्ते उस देश के किसी अन्य तैराक ने उस वर्ग (पुरुष या महिला) में क्वालीफाई नहीं किया हो या ओलंपिक चयन समय (बी) के आधार पर अंतरराष्ट्रीय तैराकी महासंघ (फिना) से निमंत्रण हासिल नहीं किया हो। माना ने ओलंपिक्स. कॉम से कहा, ''यह शानदार अहसास है। मैंने साथी तैराकों से ओलंपिक के बारे में सुना है और टेलीविजन पर इन्हें देखा है तथा कई तस्वीरें देखी हैं। लेकिन इस बार वहां होना, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ से प्रतिस्पर्धा करना, मैं रोमांचित हूं। '' इस 21 वर्षीय तैराक के टखने में 2019 में चोट लग गयी थी और उन्होंने इस साल के शुरू में वापसी की। उन्होंने कहा, ''महामारी के कारण लगे लॉकडाउन से मुझे चोट से अच्छी तरह से उबरने में मदद मिली। लेकिन बाद में निराशा भी हाथ लगी। मुझे इतने लंबे समय तक पानी से दूर रहने की आदत नहीं है। '' इस साल उनकी पहली प्रतियोगिता अप्रैल में उज्बेकिस्तान ओपन तैराकी चौंपियनशिप थी जिसमें उन्होंने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में एक मिनट 04.47 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था।

## इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदज किये जाने से निराश वहाब रियाज, टी२० विश्व कप में वापसी की आस

*पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज वहाब रियाज इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदज किये जाने से निराश है।बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने लाहौर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की किस तरह की योजना है।*



कराची। पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज वहाब रियाज इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखलाओं के लिए राष्ट्रीय टीम से बाहर होने पर निराश है, लेकिन इससे 17 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान में शुरू होने वाले आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी20 विश्व कप में खेलने का उनका सपना नहीं टूटा है। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने लाहौर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की किस तरह की योजना है। वहाब ने कहा, '' जाहिर है, मैं अपने हालिया प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरों के लिए टीम से बाहर होने से निराश हूं। चयन का मानदंड चयन समिति के लिए एक सवाल है, लेकिन मुझे लगता है कि जो भी अच्छा प्रदर्शन करता है उसे चुना जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, '' उनके पास अपने कारण हो सकते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर मैं टीम में जगह बनाने से चूकने से निराश हूं।'' इस 36 साल के गेंदबाज ने पाकिस्तान के लिए 27 टेस्ट, 91 एकदिवसीय और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय में कुल 237 विकेट लिये हैं। उन्होंने कहा, '' मैंने इस साल टी20 विश्व कप में खेलने की उम्मीद नहीं छोड़ी है और मुझे लगता है कि सीनियर खिलाड़ी जब तक फिट हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके चयन पर विचार किया जाना चाहिए।'' उन्होंने सीनियर खिलाड़ियों के लिए चयनकर्ताओं की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा, '' मुझे नहीं पता कि लोगों को सीनियर खिलाड़ियों से क्या दिक्कत है। शायद युवा वही सुनते हैं जो उन्हें बताया जाता है, जबकि सीनियर्स हमेशा मामलों में अपनी बात रखते हैं और आपको उन्हें समझाना होता है।

## पेट्रोलियम उत्पादों से केंद्र ने कमाया 4.51 लाख करोड़ का टैक्स रेवेन्यू, 56.5 प्रतिशत बढ़ी आय

इंदौर। कोविड–19 के भीषण प्रकोप वाले वित्तीय वर्ष 2020–21 में पेट्रोलियम उत्पादों पर सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क के रूप में केंद्र सरकार का अप्रत्यक्ष कर राजस्व लगभग 56.5 प्रतिशत बढ़कर कुल 4,51,542.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। यह खुलासा सूचना के अधिकार (आरटीआई) से ऐसे वक्त हुआ है, जब पेट्रोल–डीजल की कीमतों के आसमान छूने के कारण इन ईंधनों पर केंद्र और राज्य सरकारों के कर–उपकर घटाने की मांग जोर पकड़ रही है। नीमच के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने बृहस्पतिवार को बताया कि वित्त मंत्रालय से जुड़े प्रणाली और आंकड़ा प्रबंधन महानिदेशालय (डीजीएसडीएम) ने उनकी अर्जी पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी दी कि 2020–21 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर 37,806.96 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क वसूला गया, जबकि देश में इन पदार्थों के विनिर्माण पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क के रूप में 4,13,735.60 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में जमा हुए।आरटीआई से मिले ब्योरे के मुताबिक 2019–20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को सीमा शुल्क के रूप में 46,046.09 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि देश में इन पदार्थों के विनिर्माण पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की वसूली 2,42,267.63 करोड़ रुपये के स्तर पर रही। यानी दोनों करों की मद में सरकार ने 2019–20 में कुल 2,88,313.72 करोड़ रुपये कमाए।गौरतलब है कि पेट्रोलियम उत्पादों पर सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क से सरकार का अप्रत्यक्ष कर राजस्व 2020–21 की उस अवधि में बढ़ा, जब देश भर में महामारी के भीषण प्रकोप की रोकथाम के लिए लॉकडाउन और अन्य बंदिशों के चलते परिवहन गतिविधियां लम्बे समय तक थमी थीं। इस बीच, अर्थशास्त्री जयंतीलाल भंडारी ने कहा, 'देश में पेट्रोल–डीजल की महंगाई का बुरा असर केवल आम आदमी पर नहीं।

## जीएसटी महत्वपूर्ण कर सुधार, सुधार की गुंजाइश है : गडकरी

नयी दिल्ली। जीएसटी व्यवस्था के चार साल पूरा होने के मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह कर सुधार काफी महत्वपूर्ण और जरूरी था। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि इस अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार की गुंजाइश है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे गडकरी ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और शराब को जीएसटी व्यवस्था में लाने के लिये राज्यों के साथ आम सहमति बनाने की जरूरत है क्योंकि देश में संघीय ढांचा है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दिवस पर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, ''यह कर सुधार (जीएसटी) काफी जरूरी था... हालांकि जीएसटी लागू हुए चार पूरे हो गये हैं, मुझे लगता है कि इसमें सुधार की गुंजाइश है तथा हम संबंधित पक्षों के साथ मिलकर इसे और बेहतर बना सकते हैं।'' देश भर में जीएसटी एक जुलाई, 2017 से लागू हुआ। इसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट जैसे 17 स्थानीय कर समाहित हुए। बेबाक टिप्पणी के लिये जाने जाने वाले गडकरी ने यह भी कहा कि जीएसटी से जुड़ी कुछ समस्याएं अभी भी एमएसएमई क्षेत्र के लिये कठिनाइयां पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब एमएसएमई किसी सामग्री का बिल बनाते हैं और उन्हें संबंधित कंपनियों को देते हैं, तो यह उनकी (एमएसएमई) जिम्मेदारी है कि भले ही वे भुगतान प्राप्त करें या नहीं, उन्हें कर जमा करना आवश्यक है। मंत्री ने कहा, ''और सरकार में, खासकर एमएसएमई के साथ बहुत सारी समस्याएं हैं। उन्हें देरी से भुगतान हमारे लिए एक बड़ी समस्या है। और सभी छोटे एमएसएमई पहले से ही समस्याओं का सामना कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इसका कुछ रास्ता निकालने की जरूरत है, ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। मंत्री ने कहा, ''राज्य, उनके उपक्रम, केंद्र, उनके उपक्रम, विभिन्न विभाग, बड़े उद्योग और बड़े लोग एमएसएमई को समय पर भुगतान नहीं करते...इसके कारण कई सारे आर्थिक समस्याएं पैदा होती हैं।'' गडकरी ने कहा कि जीएसटी से 2025 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी 'एक राष्ट्र, एक बाजार, एक कर' की धारणा पर लागू किया गया है। इसने मौजूदा महामारी की स्थिति के बावजूद व्यापार और उद्योग को बहुत मदद की है। गडकरी ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की पूरी क्षमता है। उन्होंने अपने मंत्रालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, ''हम देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। हम प्रतिदिन 38 किमी सड़क का निर्माण कर रहे हैं। हम हरित राजमार्ग बना रहे हैं।'' मंत्री ने अधिक–से–अधिक रोजगार सृजित करने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिये देश को और निवेश तथा प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त



### करेन की कातिलाना गेंदबाजी, इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

लंदन। सैम करेन ने अपने वनडे करियर में पहली बार मैच में पांच विकेट लिये जिसके बाद अनुभवी जो रूट और कप्तान इयोन मोर्गन ने अटूट शतकीय साझेदारी निभायी जिससे इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बनायी। करेन ने 48 रन देकर पांच विकेट लिये। उनके साथ नयी गेंद संभालने वाले डेविड विली ने 64 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाला श्रीलंका धनंजय डिसिल्वा के 91 और दासुन शनाका के 47 रन के बावजूद नौ विकेट पर 241 रन ही बना पाया। इंग्लैंड ने 43 ओवर में दो विकेट पर 244 रन बनाकर 42 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। जैसन रॉय (60) और जॉनी बेयरस्टॉ (29) ने पहले विकेट के लिये 76 रन जोड़े जबकि बाद में रूट (नाबाद 68) और मोर्गन (नाबाद 75) ने तीसरे विकेट के लिये 140 रन की अटूट साझेदारी की। करेन ने अपने घरेलू मैदान पर नयी गेंद की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। उन्होंने अपनी पहली नौ गेंदों पर ही तीन विकेट लेकर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 21 रन कर दिया था। धनंजय डिसिल्वा की पारी से श्रीलंका सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। डरहम में मंगलवार को नाबाद 79 रन बनाने वाले रूट ने अपनी अच्छी फार्म बरकरार रखी लेकिन मोर्गन की पारी का अतिरिक्त महत्व है। वह पिछले 10 महीने और 15 पारियों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 रन तक नहीं पहुंचे थे लेकिन यहां उन्होंने फार्म में वापसी की। उनकी पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल है। तीसरा वनडे चार जुलाई को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

### निसान मोटर इंडिया ने जून में 3,503 कारों की थोक बिक्री की

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि जून, 2021 में उसकी थोक बिक्री में मई से तीन गुना वृद्धि हुई और उसने 3,503 कारें बेचीं। कंपनी ने इस साल मई में 1,235 कारों की थोक बिक्री की थी। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने एक बयान में कहा, षपिछले महीने लॉकडाउन एवं प्रतिबंधों की कोविड–19 से जुड़ी चुनौतियां की वजह से उत्पादन और चौनल के कामकाज पर असर पड़ा। कंपनी ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी और अपने समझदार ग्राहकों की मांग पूरी करने की दिशा में वेंडरों और चौनल भागीदारों के साथ सहयोग किया। उन्होंने कहा कि अच्छे मानसून की उम्मीद के साथ कंपनी नये निसान मैग्नाइट की मांग पूरी करने के लिए विनिर्माण संयंत्र में तीसरी पाली फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस कदम का उद्देश्य ग्राहकों के इंतजार की अवधि को कम करना है।

### क्रेडआर ने वित्त पोषण के हालिया चक्र 48.1 करोड़ रुपये जुटाए

नयी दिल्ली। बेंगलुरू स्थित इंक्रेडेबल टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड (क्रेडआर) ने वित्त पोषण के हालिया चक्र में 48.1 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी इस्तेमाल किए गए दुपहियावाहनों के संगठित बाजार में काम करती है। कंपनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस चक्र में यामाहा मोटर्स की अगुआई में मौजूदा निवेशक ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया और एट रोड्स वेंचर्स के साथ ही एस्टार्क वेंचर्स ने भागीदारी की। पुराने दोपहिया वाहन की बिक्री करने वाली क्रेडआर ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली–एनसीआर और राजस्थान में शोरूम खोले हैं और ताजा चक्र में जुटाई गई राशि का इस्तेमाल बाजार में स्थिति मजबूत करने, तकनीकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। क्रेडआर के सह–संस्थापक शशिधर नंदीगम ने कहा कि यामाहा मोटर्स के साथ हमारी यह भागीदारी ग्राहकों को इस्तेमाल किए गए दुपहिया वाहनों को खरीदने बेचने का अच्छा विपल्प सुलभ कराने की हमारी साझा नीति को दर्शाती है।

### क्रेडआर ने वित्त पोषण के हालिया चक्र 48.1 करोड़ रुपये जुटाए

नयी दिल्ली। बेंगलुरू स्थित इंक्रेडेबल टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड (क्रेडआर) ने वित्त पोषण के हालिया चक्र में 48.1 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी इस्तेमाल किए गए दुपहियावाहनों के संगठित बाजार में काम करती है। कंपनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस चक्र में यामाहा मोटर्स की अगुआई में मौजूदा निवेशक ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया और एट रोड्स वेंचर्स के साथ ही एस्टार्क वेंचर्स ने भागीदारी की। पुराने दोपहिया वाहन की बिक्री करने वाली क्रेडआर ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली–एनसीआर और राजस्थान में शोरूम खोले हैं और ताजा चक्र में जुटाई गई राशि का इस्तेमाल बाजार में स्थिति मजबूत करने, तकनीकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। क्रेडआर के सह–संस्थापक शशिधर नंदीगम ने कहा कि यामाहा मोटर्स के साथ हमारी यह भागीदारी ग्राहकों को इस्तेमाल किए गए दुपहिया वाहनों को खरीदने बेचने का अच्छा विपल्प सुलभ कराने की हमारी साझा नीति को दर्शाती है।

### रुपये में तीसरे दिन भी गिरावट, 23 पैसे टूटकर 74.55 रुपये प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के बीच डालर के मुकाबले रुपये में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और स्थानीय मुद्रा की विनिमय दर 23 पैसे की हानि के साथ प्रति डालर 74.55 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपया कमजोरी के रुख के साथ 74.37 पर खुला। पिछले सत्र में विनिमय दर 74.32 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। कारोबार के दौरान इसमें 74.34 से 74.63 रुपये प्रति डालर के दायरे में उतार चढ़ाव आने के बाद अंत में रुपया पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले 23 पैसे गिरकर 74.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

हिन्दी दैनिक

# अमित रेखा

4

कुशीनगर शनिवार, 03 जुलाई 2021

## सम्पादकीय........

### राहत पैकेज से मिलेगी संजीवनी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कोरोना महामारी से राहत देने के लिए अनेक घोषणाएं की हैं, जिन्हें अमल में लाने में बैंकों की अहम भूमिका होगी. पैकेज में कुछ पुरानी योजनाओं का विस्तार किया गया है और कुछ नयी योजनाओं की बात कही गयी है. राहत की कुल राशि 6,28,993 करोड़ रुपये है. रिजर्व बैंक ने 5 मई को 50,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की थी. इसके तहत बैंकों द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा ऋण दिये जायेंगे. इसके तहत टीका विनिर्माताओं, चिकित्सा उपकरणों, ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटर के आयातकों व आपूर्तिकर्ताओं, अस्पतालों तथा कोविड की दवाओं के लिए ऋण दिये जा सकते हैं. यह राशि देश के कुल छह लाख करोड़ रुपये के स्वास्थ्य व्यय का लगभग नौ प्रतिशत है. इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में तकरीबन 80,000 करोड़ रुपये की मांग पैदा होने की उम्मीद है. सरकार ने स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए 1.1 लाख करोड़ रुपये में से 50 हजार करोड़ रुपये की गारंटी कवर की घोषणा की है. दूसरे क्षेत्रों के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है. सरकार 23,220 करोड़ रुपये बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करेगी. जांच क्षमता और टेलीकंसल्टेशन जैसी सुविधाओं में बढ़ोतरी की जायेगी, ताकि कोरोना महामारी पर नियंत्रण रखा जा सके. आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत तीन लाख करोड़ रुपये तक की ऋण राशि का प्रावधान किया गया था. अब तक 2.69 लाख करोड़ रुपये ऋण के रूप में 1.1 करोड़ एमएसएमई इकाइयों के बीच वितरित किया जा चुका है.देश में लगभग 6.3 करोड़ एमएसएमई इकाई हैं. अभी बहुत सारे इकाई इससे वंचित हैं. इसलिए ईसीएलजीएस के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण एमएसएमई को देने की घोषणा की गयी है. पूर्व में रिजर्व बैंक लघु वित्त बैंकों के लिए एक स्पेशल लॉन्ग टर्म रेपो के तहत तरलता बढ़ाने का काम कर चुका है. हालांकि, एसएफबी को यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्रीय बैंक से उधार ली जाने वाली रकम का इस्तेमाल महामारी से प्रभावित हुए असंगठित क्षेत्र के लिए किया जाये.छोटे कारोबारी और गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी), माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूट (एमएफआई) को 1.25 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता ऋण के रूप में दी जायेगी. इस पर 75 प्रतिशत की गारंटी सरकार देगी. वैसे ऋणी, जिन्होंने 89 दिनों तक अपने ऋण की किस्त एवं ब्याज का भुगतान नहीं किया है वे भी इस योजना के पात्र होंगे. इससे 25 लाख लोगों को फायदा मिलने की उम्मीद है.वर्ल्ड ट्रेवल और टूरिज्म के आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी में ट्रेवल और टूरिज्म का योगदान वर्ष 2019 में 6.9 प्रतिशत था, जो वर्ष 2020 में कम होकर 4.7 प्रतिशत रह गया. इस क्षेत्र में रोजगार 4.01 करोड़ से घटकर 3.18 करोड़ रह गया. सरकार 904 पंजीकृत टूरिस्ट गाइड और ट्रेवल टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स को दिये जानेवाले 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 100 प्रतिशत की गारंटी देगी.साथ ही 10,700 लाइसेंसशुदा टूरिस्ट गाइड को एक लाख रुपये तक के ऋण पर भी 100 प्रतिशत की गारंटी देगी. विदेशी पर्यटकों में शुरुआती पांच लाख को मुफ्त में वीजा जारी किये जायेंगे. वर्ष 2019 में 1. 93 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आये थे. साथ ही आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना को बढ़ाकर 31 मार्च, 2022 कर दिया गया है. अब तक करीब 21.42 लाख लाभार्थियों के लिए 902 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं, जिससे 79,577 इकाइयों को फायदा हुआ है. इसके अंतर्गत सरकार 15 हजार से कम वेतन वाले कर्मचारियों और कंपनियों के भविष्य निधि का भुगतान करती है.सरकार ने 22,810 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा है, जिससे 58.50 लाख लोगों को लाभ मिलेगा. सरकार ने किसानों को 14,775 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी है. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर वित्त वर्ष 2020–21 में 1,33,972 करोड़ रुपये खर्च किये गये. मई, 2021 में इसे फिर से शुरू किया गया।

## आज का राशिफल

मेष :– आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

वृषभ :– मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

मिथुन :– लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

कर्क :– कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

सिंह :– आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

कन्या :– आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला :– व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक :– आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

धनु :– आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

मकर :– व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख–शांति का वातावरण बना रहेगा।

कुंभ :– आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

मीन :– गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सौ साल

**राजीव रंजन**

*'इतिहास के अंत' का प्रतिपादन करनेवाले फ्रांसिस फुकुयामा को चीन के विकास तथा विश्व में बढ़ते वर्चस्व पर विवश होकर अपने विचार को अपरिपक्व बताना पड़ा. क्या कारण हैं कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का सोवियत संघ के कम्युनिस्ट जैसा हाल नहीं दिख रहा? सबसे अहम यह है कि चीनी कम्युनिस्ट निरंतर अपने ढांचे तथा आंतरिक प्रकिया में बदलाव लाते रहे हैं. गौर करनेवाली बात यह है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने नये सदस्यों की बहाली में कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया, जैसा कि हमारे यहां दिखता है.एक मिस कॉल देकर कोई भी किसी पार्टी का सदस्य बन सकता है. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने ईमानदार व सजग द्वारपाल की भांति हर सदस्य की जांच–पड़ताल कर ही अंदर आने दिया है।*

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इस जुलाई में अपनी स्थापना की सौवीं वर्षगांठ मना रही है. इन सौ सालों में कम्युनिस्ट पार्टी ने चीन को विश्व के मानचित्र पर एक शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित किया है. इससे उनके धुर विरोधी भी इंकार नहीं करेंगे. चीन ने विकास की सीढ़ियों पर बड़ी तेजी से छलांग लगायी है. एक अध्ययन के मुताबिक, चीन ने पिछले 50 सालों में सीमेंट तथा लोहे का जितना उपयोग किया है, अमेरिका को उतना उपयोग करने में दो सौ साल लग गया. दूसरे शब्दों में, जिसको पूरा करने में पश्चिमी और अन्य देशों को सैकड़ों वर्ष लग गये, चीन ने कुछ बरसों में ही कर दिखाया है. अन्य नजरिये से देखें, तो चीन ने प्राकृतिक संसाधनों का बहुत तेजी से दोहन किया है.चीनी कम्युनिस्ट पार्टी इन सौ सालों में कई उतार–चढ़ाव से गुजरी है. सत्ता में काबिज रहने तथा निरंतर अपनी उपयोगिता बनाये रखने के लिए पार्टी कभी अपनी पकड़ मजबूत, तो कभी ढीली करती रही है. लोकतंत्र के इतर चीन में पार्टी को अपनी वैधता साबित करने के लिए चुनाव नहीं, बल्कि जनता की सुख–सुविधाओं को पूरा करना तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना होता है. इन्हीं अपेक्षाओं में एक था चीन को गरीबी से मुक्त करना. गरीबी मुक्त चीन कम्युनिस्ट पार्टी के दो शताब्दी के लक्ष्यों में से एक है, जो पार्टी के सौ साल पूरा होने से पहले हासिल करना था. चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसी साल चीन के गरीबी मुक्त होने का ऐलान किया था, जिसमें बचे हुए लगभग 10 करोड़ गरीब ग्रामीण लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा किया गया है. यहां तक कि सूचित 832 गरीब काउंटियों तथा 1.28 लाख गांवों को गरीबी सूची से हटा दिया गया है. हालांकि कई जानकार चीन के इस दावे को सवालिया नजर से देखते हैं और गरीबी रेखा निर्धारण पर प्रश्न उठाते हैं.दूसरा लक्ष्य चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की स्थापना होने के सौ वर्ष होने यानी 2049 से पहले चीन को एक 'आधुनिक समाजवादी देश, जो समृद्ध, मजबूत, लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक रूप से उन्नत और सामंजस्यपूर्ण हो' बनाना है. यहां लोकतांत्रिक का मतलब पश्चिमी देशों के तर्ज पर चुनावी लोकतंत्र नहीं है, अपितु चुनावी तथा परामर्श लोकतंत्र का मिला–जुला रूप है. कहने का अर्थ यह है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अभी कहीं जानेवाली नहीं है.यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब विश्व की कई पुरानी पार्टियां अपनी प्रासंगिकता खो रही हैं तथा अपना वजूद बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की जड़ें क्यों गहरी हो रही हैं? इसकी सफलता ने कई देशों में एक पार्टी के बढ़ते औचित्य की तरफ ध्यान आकर्षित किया है, पर इन देशों को चीन और उनके अपने देश की बुनियादी संरचना और सामाजिक ताने–बाने के अंतर को समझना चाहिए.चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से लगभग 35 साल पुरानी भारतीय कांग्रेस आज हाशिये पर जा चुकी है. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तो अपने परंपरागत वर्चस्व वाले क्षेत्र से खत्म हो चुकी है. इन पार्टियों के हितैषी कह सकते हैं कि चीन में एक पार्टी का राज है और भारत में बहुल पार्टी व्यवस्था है. यह बात एक हद तक ठीक है, लेकिन समय के साथ इनमें बदलाव न होने से उनके लिए ज्यादा तकलीफें पैदा हुईं. 'इतिहास के अंत' का प्रतिपादन करनेवाले फ्रांसिस फुकुयामा को चीन के विकास तथा विश्व में बढ़ते वर्चस्व पर विवश होकर अपने विचार को अपरिपक्व बताना पड़ा. क्या कारण हैं कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का सोवियत संघ के कम्युनिस्ट जैसा हाल नहीं दिख रहा? सबसे अहम यह है कि चीनी कम्युनिस्ट निरंतर अपने ढांचे तथा आंतरिक प्रकिया में बदलाव लाते रहे हैं. गौर करनेवाली बात यह है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने नये सदस्यों की बहाली में कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया, जैसा कि हमारे यहां दिखता है.एक मिस कॉल देकर कोई भी किसी पार्टी का सदस्य बन सकता है. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने ईमानदार व सजग द्वारपाल की भांति हर सदस्य की जांच–पड़ताल कर ही अंदर आने दिया है. यूं कहें कि हमारी आइएएस परीक्षा से भी कठिन तथा विस्तृत प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही कोई चीनी पार्टी का सदस्य बन सकता है. यह प्रक्रिया कई बार बरसों चलती है. इच्छुक लोगों को न केवल शैक्षणिक तथा अन्य विधाओं में जांचा जाता है, बल्कि उनकी सामाजिक सोच, नैतिकता, पार्टी के प्रति वफादारी तक को सालभर चलनेवाली प्रकिया व ट्रेनिंग में परखा जाता है. चरित्र तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को भी परखा जाता है. हाई स्कूल के छात्र से लेकर नौकरीशुदा लोग तक पार्टी का सदस्य बनना चाहते हैं. पार्टी सदस्य होने के अनगिनत फायदे हैं– नौकरी से लेकर प्रोन्नति तक. यहां तक कि वर्तमान चीनी राष्ट्रपति, जो पार्टी के महासचिव भी हैं, को सदस्य बनने के लिए कई बार आवेदन करना पड़ा था, वह भी तब, जब शी जिनपिंग के पिता शी चोंगशुन पार्टी के ऊंचे स्तर के नेता थे. यही वजह है कि 139 करोड़ जनसंख्या वाले चीन में मात्र 9.5 करोड़ लोग ही कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य हैं, जबकि हमारे देश में भारतीय जनता पार्टी के लगभग 18 करोड़ सदस्य हैं. पर जब एक ही पार्टी की सत्ता हो, तो स्वाभाविक है कि भ्रष्टाचार की जड़ें भी गहरी होंगी. पार्टी जीवन के सभी आयामों पर पूरा कब्जा बनाये हुए है और चीनी जनता इन भ्रष्ट मुलाजिमों से तंग है. पार्टी में भ्रष्ट नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर अंकुश लगाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलायी गयी.



नेताओं तथा अधिकारियों को भी कार्रवाई में बख्शा नहीं गया. कई बड़े नेताओं को जेल भेजा गया, तो उनके गुर्गे स्वतरू ही सतर्क हो गये. कई लोगों ने इस कदम को शी जिनपिंग द्वारा अपने विरोधियों को ठिकाने लगानेवाला बताया, तो चीनी जनता ने इसे देश तथा पार्टी के लिए उचित माना. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी में आंतरिक संतुलन पार्टी के ही विभिन्न धड़े बनाते हैं. एक ओर जहां राजकुमारों (जिनके बाप–दादा पार्टी में रसूखदार रहे हैं) पर पार्टी के युवा लीग के साधारण सदस्यों का दबाव होता है, वहीं विभिन्न क्षेत्रीय गुटों, जैसे शंघाई, चचियांग इत्यादि में खींच–तान लगी रहती है. इन सबके इतर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा दिखाती है कि चीन के बाहर जनता त्राहिमाम कर रही है, भूखी व बीमार है और लोकतंत्र लाचार है. दूसरी ओर वह चीनी जनता को यह विश्वास दिलाती है कि कम्युनिस्ट पार्टी चीन के लिए भगवान से कम नहीं है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को एक तरह से अमरत्व प्रदान करती है.

# चीन द्वारा मानव अधिकारों का उल्लंघन

**भरत झुनझुनवाला**

हांगकांग में लोकतंत्र की हत्या, ऊईघुर मुसलमानों पर अत्याचार एवं हांगकांग के मीडिया मुगल जैक मा को हिरासत में लिए जाने को लेकर चीन की भर्त्सना की जा रही है। कहा जा रहा है कि चीन अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन में अपनी जनता के मानवाधिकारों का हनन कर रहा है। इस संदर्भ में 1948 में संयुक्तराष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार घोषणा पत्र की धाराओं पर पुनर्विचार करना चाहिए। घोषणापत्र की धारा 29 में व्यक्ति के अधिकारों को प्राथमिक बताया गया है यद्यपि यह भी कहा गया है कि व्यक्ति के अधिकारों को समाज के हित में सीमित किया जा सकता है। लेकिन प्राथमिकता व्यक्ति के अधिकारों की ही बनी रहती है। इसका अर्थ यह हुआ कि व्यक्ति विशेष समाज के हितों के विपरीत तब तक काम कर सकता है जब तक सरकार उसके अधिकारों को सीमित न करें। जैसे छात्रों को सिखाया जाए कि चोरी तब तक की जा सकती है जब तक पुलिस न पकड़े। यह न सिखाया जाए कि चोरी करना गलत है। इसी प्रकार घोषणापत्र कहता है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत हितों को तब तक बढ़ा सकता है जब तक समाज उसे न रोके। चाणक्य ने कहा था कि व्यक्ति को परिवार के लिए, परिवार को गांव के लिए और गांव को देश के लिए त्याग देना चाहिए। मानवाधिकार घोषणा पत्र इसके ठीक विपरीत है। व्यक्ति को प्राथमिक रखा गया है जबकि चाणक्य के अनुसार गांव और देश को प्राथमिक रखा जाना चाहिए। इसलिए इस धारा पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।घोषणापत्र की धारा 29.1 में कहा गया है कि व्यक्ति का समाज के प्रति दायित्व है लेकिन इस दायित्व का निर्वाह करना व्यक्ति के लिए अनिवार्य नहीं है। इसलिए व्यक्ति द्वारा समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह न भी किया जाए तो भी वह अपने व्यक्तिगत अधिकारों की मांग कर सकता है जैसा कि आतंकवादी करते हैं। इसका परिणाम यह है कि जो व्यक्ति समाज के विपरीत काम करते हैं उनके अधिकारों की रक्षा की जाती है और उनके समाज के विपरीत कार्यों को पर्दे के पीछे छिपा दिया जाता है। घोषणापत्र की धारा 29.3 में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्रीय के सिद्धांतों के विरुद्ध कोई व्यक्ति कार्य नहीं करेगा। अब विचार कीजिये कि संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य होंगे जिनके पास वीटो पावर होगा। शेष 200 देशों को नीचा दर्जा दिया गया है। इसलिए इस असमानता के विरुद्ध आवाज उठाना मानवाधिकार घोषणापत्र के विपरीत है। एक तरफ घोषणापत्र संपूर्ण विश्व के नागरिकों के समान अधिकार की बात करता है और वही घोषणा पत्र दूसरी तरफ कुछ विशेष देशों के विशेष अधिकारों को सुरक्षित करता है और संपूर्ण विश्व को इस असमानता के प्रति आवाज उठाने से भी मना करता है।घोषणापत्र की एक प्रमुख विसंगति आर्थिक असमानता को पुष्ट करने की है। धारा 13 में कहा गया कि किसी भी व्यक्ति को अपने देश की सीमा में यात्रा का अधिकार होगा। धारा 21.2 में कहा गया कि देश की सीमाओं में व्यक्ति को सार्वजनिक सुविधाओं के उपयोग का अधिकार होगा। धारा 22 में कहा क्या कि हर व्यक्ति को देश की सीमा में सामाजिक सुरक्षा जैसे रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार होगा। प्रश्न यह है यदि संपूर्ण विश्व एक ही है तो इन आर्थिक अधिकारों को देश की सीमा में क्यों बांध दिया गया? यानी, राजनीतिक अधिकारों में संपूर्ण विश्व एक है। अमेरिका अथवा चीन मांग कर सकता है कि भारत द्वारा कश्मीर में मानव अधिकारों को बहाल किया जाए लेकिन भारत के नागरिक को चीन में यात्रा करने का अधिकार नहीं होगा, चीन में सामाजिक सुरक्षा का अधिकार नहीं होगा इत्यादि। विषय महत्वपूर्ण है क्योंकि राजनीतिक अधिकारों को अंतरराष्ट्रीय बनाने से अमीर देशों को गरीब देशों में दखल करने का अवसर मिल जाता है जबकि आर्थिक अधिकारों को सीमा के अंदर बांध देने से अमीर देश अपनी अमीरी को सुरक्षित रख सकते हैं। इस पृष्ठभूमि में हमें चीन द्वारा मानवाधिकारों के हनन को समझना चाहिए। चीन की सरकार अपने नागरिकों के प्रति उदार दिखती है। नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन और जनहित वहां साथ–साथ चलता दीखता है। अमेरिका के एडलमैन ट्रस्ट द्वारा 2019 के एक अध्ययन में पाया गया कि चीन के 90 प्रतिशत नागरिक अपनी सरकार में विश्वास रखते हैं तुलना में अमेरिका के केवल 39 प्रतिशत नागरिक अपनी सरकार में विश्वास रखते हैं। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के ऐश सेंटर फॉर डेमोक्रेटिक गवर्नेंस ने 2011 एवं 2016 में चीन के नागरिकों का सर्वेक्षण किया था और पाया गया कि 2011 में 61 प्रतिशत लोग स्थानीय सरकार को जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील मानते थे, 2016 में यह बढ़कर 74 प्रतिशत हो गया। 2011 में 45 प्रतिशत नागरिक मानते थे कि स्थानीय अधिकारी अमीरों के लिए काम करते हैं, 2016 में यह घटकर 40 प्रतिशत हो गया। 2011 में 32 प्रतिशत लोग मानते थे कि स्थानीय अधिकारियों द्वारा नाजायज वसूली की जाती है, 2016 में यह घटकर 23 प्रतिशत हो गया। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि चीन की जनता अपनी सरकार से संतुष्ट तो है ही बल्कि संतुष्टि का स्तर बढ़ रहा है। इसलिए यह कहना तर्कसंगत नहीं लगता कि चीन अपनी जनता के मानव अधिकारों का उल्लंघन कर रहा है क्योंकि किसी भी अधिकार या कानून का अंतिम उद्देश्य जनता का सुख है। यदि चीन की जनता अपनी सरकार के प्रति सकारात्मक एवं आशान्वित है तो चीन की सरकार द्वारा अपनी जनता के मानव अधिकारों के उल्लंघन पर हमें पुनर्विचार करना चाहिए।फिर भी यह सही है कि चीन द्वारा अपनी जनता के मानव अधिकारों का हनन किया जा रहा है जैसा हांगकांग में।

# भारत की चेतावनी

यूरोपीय संघ द्वारा भारत में बने टीकों के लेने के प्रमाणपत्र को न मानने का प्रकरण आश्चर्यजनक तो है ही, हास्यास्पद भी है. संघ के नये नियमों के मुताबिक, यूरोपीय दवा एजेंसी द्वारा मान्य टीकों के अलावा अन्य टीकों की खुराक लेनेवाले यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की यात्रा नहीं कर सकेंगे. एजेंसी की सूची में आस्त्राजेनेका–ऑक्सफोर्ड के वैक्सजेर्वरिया टीके का नाम है, लेकिन उसी सूत्र पर भारत में निर्मित कोविशील्ड को स्वीकृति नहीं दी गयी है. उल्लेखनीय है कि भारत में ही विकसित अन्य टीके कोवैक्सीन की मान्यता का मामला विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास लंबित है. यूरोपीय संघ का कहना है कि हर स्वीकृति टीके की गुणवत्ता के आधार पर निर्धारित होगी. हालांकि कोविशील्ड की निर्माता कंपनी ने संघ के सामने अपने टीके को मान्यता देने का अनुरोध प्रस्तुत कर दिया है, लेकिन भारत सरकार ने भी अपनी ओर से इंगित कर दिया है कि अगर भारतीय टीकों के साथ ऐसा व्यवहार किया जायेगा, तो भारत को भी कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा और यूरोपीय संघ के यात्रियों को टीकाकरण की वजह से अनिवार्य रूप से क्वारंटीन होने से मिली छूट वापस ले ली जायेगी. यूरोपीय संघ के रवैये से भारतीयों को परेशानी का सामना तो करना ही पड़ेगा, साथ ही उन देशों के नागरिकों को भी कई यूरोपीय देशों में जाने में बाधा आयेगी, जो भारतीय टीकों का आयात कर रहे हैं. भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे यूरोपीय संघ के उच्च पदस्थ अधिकारी के समक्ष उठाया है. टीकों को लेकर अनेक विकसित देशों का रवैया शुरू से ही भेदभावपूर्ण रहा है. इन देशों ने अपनी जरूरत से कहीं अधिक टीकों का बड़ा जखीरा जमा किया है.इतना ही नहीं, जो टीके अभी बने भी नहीं हैं, उनके बड़े हिस्से की अग्रिम खरीद की जा चुकी है. वे देश वादा करने के बावजूद विकासशील और निर्धन देशों को टीका मुहैया कराने में देरी कर रहे हैं. भारत उन कुछ देशों में शामिल है, जिन्होंने अपने देश के भीतर टीकों को विकसित किया है और उनका उत्पादन कर रहे हैं. जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है, तो भारत कई रोगों के टीकों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और कई यूरोपीय देशों में उनका इस्तेमाल होता है. उनमें से कई टीकों को बनानेवाली दो कंपनियां ही कोरोना वायरस से बचाव का टीका भी बना रही हैं. ऐसे में उनकी क्षमता और दक्षता पर संदेह करना समझ से परे है. इस तथ्य का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए कि टीकों के न्यायपूर्ण वितरण को सुनिश्चित करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के तहत बने कई देशों के समूह में भारत भी शामिल है. अपनी जरूरत के बावजूद भारत ने बड़ी मात्रा में टीकों की खुराक कई देशों को भेजी है. देर–सबेर यूरोपीय संघ को भारतीय टीकों को स्वीकार करना ही पड़ेगा, लेकिन ऐसे भेदभाव से संबंध बिगाड़ना ठीक नहीं हैं.



# नहीं मिली आजादी: केस हार गई ब्रिटनी स्पीयर्स, नहीं मिली 'कंजरवेटरशिप' से मुक्ति

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता अमेरिकन सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स इन दिनों अपने पिता के साथ कानूनी मामले को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं। ब्रिटनी ने अपने पिता जेमी स्पीयर्स के संरक्षण से मुक्त होने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कंजरवेटरशिप से मुक्त होने के लिए ब्रिटनी ने कई बयान दिए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटनी अब यह केस हार गई हैं और उन्हें कंजरवेटरशिप से आजादी नहीं मिली है। बता दें, करीब 13 साल से ब्रिटनी अपने पिता जेमी स्पीयर्स के संरक्षण में हैं। वही उनके करियर और जीवन को लेकर सभी फैसले लेते हैं। ब्रिटनी ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स की अदालत से कहा कि उनके इस अपमानजनक संरक्षण को खत्म किया जाए और उन्हें उनकी जिंदगी वापस की जाए। ब्रिटनी ने कोर्ट में 13 साल से चली आ रही कंजरवेटरशिप के खिलाफ कहा था, श्मुझे मेरी जिंदगी, मेरी आजादी वापस चाहिए। 13 साल हो चुके हैं, अब बहुत हुआ।श ब्रिटनी मानसिक रूप से ठीक नहीं हैं। इस वजह से उनके पिता 2008 से कानूनी तौर पर उनकी देखरेख कर रहे हैं। ब्रिटनी के पिता जेमी स्पीयर्स के पास कानूनी अधिकार है, जिसके चलते वो अपनी बेटी के जीवन से जुड़ा हर फैसला ले सकते हैं। इसमें उनकी पर्सनल लाइफ और पैसों से जुड़े मामले भी शामिल हैं। एक सुनवाई के दौरान ब्रिटनी ने जज से कहा था, शपिछले 13 साल से मुझे जबरदस्ती ड्रग्स दी गई। मेरी इच्छा के विरुद्ध काम करने को मजबूर किया गया। इतना ही नहीं मुझे मेरे शरीर से जबरन लगे हुए बर्थ कंट्रोल डिवाइस को हटाने से भी रोका गया। मैं अपनी जिंदगी वापस चाहती हूं। कंजरवेटरशिप से मेरा भला होने से अधिक नुकसान हो रहा है। मैं एक बेहतर जिंदगी पाने की हकदार हूं।श गायिका ने कहा कि वह अपने प्रेमी से शादी करना चाहती हैं और बच्चा चाहती हैं, लेकिन शकंजरवेटरशिपश व्यवस्था उन्हें इसकी अनुमति नहीं दे रही है। ब्रिटनी ने कहा था, ष्मैं आगे बढ़ना चाहती हूं। शादी करना और बच्चा पैदा करना चाहती हूं। मुझे संरक्षण के दौरान बताया गया कि मैं बच्चा पैदा नहीं कर सकती और ना शादी कर सकती हूं। मेरे शरीर में एक प्न्क डिवाइस लगाई गई है ताकि मैं गर्भवती न हो सकूं। मैं इस डिवाइस को बाहर निकालना चाहती हूं ताकि मां सकूं। लेकिन मुझे डॉक्टर के पास नहीं जाने दिया, वे नहीं चाहते कि मैं प्रेग्नेंट हो सकूं।श आखिर क्या है कंजरवेटरशिप ? कंजरवेटरशिप, अमेरिका में संरक्षकता की एक कानूनी अवधारणा है, जहां कोर्ट के द्वारा प्रतिनिधियों का चुनाव होता है, उस शख्स के लिए जो मानसिक या शारीरिक रूप से खुद की देखभाल करने में असमर्थ हैं। यह आमतौर पर बुजुर्ग लोगों के लिए किया जाता है या फिर मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों के लिए जो सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारी से जूझ रहे हों। ऐसे में ब्रिटनी के मामले में उनकी वित्तीय संपत्ति से लेकर अन्य कोई भी फैसला सिंगर के पिता जेमी स्पीयर्स और एक वकील करते हैं।

# रिस्कनामा 2 से करेंगे कमबैक अविनाश वाधवन

90 के दशक के बॉलीवुड सितारों ने फैंस के दिल में अपनी अलग जगह बना ली थी. उन सेलेब्स ने अपने खास अंदाज से फैंस को खूब एंटरटेन किया है. कुछ सितारे थे जिन्होंने अपनी एंट्री के बाद ही सबके दिलों में अपनी जगह बना ली थी. लेकिन कुछ समय बाद ही उनका स्टारडम खत्म होने लगा था और कुछ सालों बाद गुमनाम हो गए थे. आपको ऐसे ही एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं जो आते ही छा गए थे मगर फिर कहां गायब हो गए किसी को नहीं पता. आज हम आपको एक्टर अविनाश वाधवन के बारे में बताने जा रहे हैं. अविनाश ने फिल्म श्प्यार हो गयात्र से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में अविनाश के साथ रंजीत राज, रुबीनी, अंजलि व्यास सहित कई कलाकार लीड रोल में नजर आए थे. मगर उन्हें सही पहचान दिव्या भारती के साथ फिल्म गीत में काम करके मिली थी. उन्हें इस फिल्म ने रातों रात स्टार बना दिया था. गीत के बाद अविनाश ने कई फिल्मों में काम किया. वह जुनून, पुलिस और मुजरिम, दिल की बाजी, परवाने, बलमा, फौज जैसी कई फिल्मों में काम किया.उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन उनका स्टारडम खत्म होता जा रहा था. जिसके बाद उन्होंने टीवी का रुख किया था. बड़े पर्दे पर अच्छे किरदार ना मिलने और स्टारडम कम होने की वजह से अविनाश ने टीवी की तरफ अपना रुख कर लिया था. उन्होंने साल 2003 में सीरियल एहसास में काम किया था. इसके बाद वह डिटेक्टिव करण, सपना बाबुल काज् विदाई, शोभा ,सोमनाथ की. जुनून जैसे कई सीरियल्स में काम किया. अविनाश को सीरियल श्बालिका वधूय में अहम किरदार के लिए खूब तारीफ मिली थी. इस किरदार के लिए वह लंबे समय तक सुर्खियों का हिस्सा बने रहे थे. उसके बाद वह छोटे–छोटे किरदारों में नजर आते रहे हैं. लंबे समय तक बड़े पर्दे से दूर रहने के बाद अब अविनाश ने वापसी करेंगे. हर बार हीरो बनकर फैंस का दिल जीतने वाले अविनाश ने विलेन बनकर वापसी करने वाले हैं. उन्होंने रिस्कनामा 2 से वापसी की है. इस फिल्म में अविनाश विलेन के किरदार में नजर आएंगे. यह सीरीज ड्रग्स पर बेस्ड है. जिसकी कहानी कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों के इर्द–गिर्द बुनी गई है.



# अनुष्का शर्मा ने बेटी वामिका के जन्म के बाद कराया नया हेयरकट



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. बेटी वामिका के जन्म के बाद से अनुष्का उसकी देखभाल में लगी हुई हैं. अनुष्का इन दिनों पति विराट और बेटी वामिका के साथ इंग्लैंड में हैं. विराट टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड गए हैं. वहां के मौसम को एंजॉय करते हुए अनुष्का तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब अनुष्का ने हेयरकट करवाया है जिसकी तस्वीर शेयर की है. अनुष्का ने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं. फोटो में अनुष्का शॉर्ट हेयर के साथ व्हाइट कलर का टॉप और मस्टर्ड कलर का जैकेट पहना हुआ है. उनका लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है. अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए लिखा– जब बेबी के जन्म के बाद बाल झडने लगे तो आपको अच्छे हेयरकट की और तारीफ करने लगे. सोनम अपने शानदार हेयरस्टाइलिस्ट से कनेक्ट करवाने के लिए शुक्रिया. अनुष्का की तस्वीरों पर उनके फैंस कमेंट करके उनके नए हेयरकट की तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा– आप ग्लो कर रही हैं. वहीं दूसरे फैन ने लिखा– शानदार. अनुष्का की इस फोटो को 10 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इस साल की शुरुआत में माता–पिता बने थे. उन्होंने फरवरी में अपनी बेटी की तस्वीर शेयर करके उनका नाम सभी को बताया था. विराट और अनुष्का ने बेटी वामिका को सोशल मीडिया से दूर रखने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा है कि वह वामिका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करेंगे साथ ही फोटोग्राफर्स ने वामिका की तस्वीरें पोस्ट करने से मना किया था. अनुष्का शर्मा आखिरी बार फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ नजर आईं थीं. उसके बाद से उन्होंने बड़े पर्दे से ब्रेक लिया हुआ है. रिपोर्ट्स की माने तो अनुष्का ने ये ब्रेक अब साल 2022 तक बढ़ा दिया है. रिपोर्ट्स की माने तो अनुष्का इस समय अपनी बेटी वामिका पर ध्यान देना चाहती हैं इसलिए अभी वापसी नहीं करेंगी और एक्टिंग की जगह प्रोडक्शन हाउस पर ध्यान दे रही हैं.

# अनीता भाभी ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट









टीवी के मशहूर कॉमेडी शो श्भाभी जी घर पर हैंश में श्अनीता भाभीश के किरदार में इन दिनों एक्ट्रेस नेहा पेंडसे दिखाई दे रही हैं। उनसे पहले एक्ट्रेस सौम्या टंडन ये किरदार निभा चुकी हैं।

# बच्चों व गर्भवती महिलाओं के आंगन तक पहुँचाई जा रही पोषण पोटली

**– लाभान्वित होंगे 4134 आंगनबाड़ी केन्द्रों के करीब 3.27 लाख लाभार्थी**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। कोरोना लहर में छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सुपोषित करने के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग का विशेष जोर है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों के आंगन तक पोषण पोटली पहुँचाने के लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है। व्यवस्था के मुताबिक 4134 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत कुल करीब 3.27 लाख लाभार्थी लाभांवित होंगे जिला कार्यक्रम अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि भले ही इन दिनों कोरोना के केस कम हुए हैं, मगर अभी भी सतर्कता और सावधानी बहुत जरूरी है। कोरोना की तीसरी लहर आने से पहले बच्चों को सुपोषित कर उनमें प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनी है। इसके लिए लाभार्थियों के आंगन तक पोषण पोटली पहुँचायी जा रही है ताकि वह केन्द्रों से मिलने वाली सामग्री से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनवाकर सेवन कर सकें उन्होंने बताया कि जिले में पहले से सूचीबद्ध बच्चों व गर्भवती धात्री महिलाओं के अलावा प्रवासी बच्चे व महिलाएं भी आयी हैं। ऐसे में छह साल तक बच्चों व गर्भवती धात्री महिलाओं को दाल, तेल, गेहूं, चावल सूखा राशन) वितरित किया जा रहा है।सभी प्रवासी गर्भवती, धात्री महिलाओं, सात माह से तीन साल तथा तीन साल से छह साल के बच्चों तथा स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों और बच्चों को भी सामान वितरित करने की व्यवस्था बनाई जा रही है। ताकि कोरोना काल में लाभार्थियों को कोई परेशानी न होने पाये बीते माह वजन सप्ताह के तहत जिले की सभी 4134 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को वजन लिया गया है। वजन के दौरान लाल श्रेणी के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि बच्चों को सुपोषित किया जा सके सामानों से व्यंजन बनाएं लाभार्थी डीपीओ ने बताया की कोरोना से जंग जीतने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहनी चाहिए। इसके लिए सभी लाभार्थी आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले सामग्री व से तरह–तरह के व्यंजन बनाकर सेवन करें। लाभांवित होंगे वाले लाभार्थियों का विवरण छह माह से तीन साल के कुल पंजीकृत बच्चों की संख्या –1,67,186तीन साल से छह साल तक पंजीकृत बच्चों की संख्या–98286कुल पंजीकृत गर्भवती व धात्री महिलाओं की संख्या–61584

# लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई 2021 को

**– लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने का जनपद वासियों से किया आह्वान**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमन कुमार श्रीवास्तव ने बताया शनिवार को दीवानी न्यायालय, कुशीनगर एवं बाह्य न्यायालय कसया, कुशीनगर के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमन कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदाल में अधिक से अधिक वादों को निस्तारण करावें। साथ ही ऐसे वाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नही किये गये है, उनको प्री–लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित करायें राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के कार्यालय में व मो0 न0 9451414222 पर किसी भी कार्य दिवस मे उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

# शौचालय के गबन का मामला

**– शौचालय तो बनवाया नहीं मगर खाते से निकल गये 20 लाख 4 हजार रूपये**

**– डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को मुकदमा दर्ज कराने के लिये 25 जून को दिया था आदेश,अभी तक नहीं दर्ज हो पाया मुकदमा**

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। गोरखपुर खजनी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुरैनी का मामला प्रधान व सचिव गबन मे फसे,जांच टीम ने किया कागजो मे शौचालय बनवाने की पुष्टि।खजनी ब्लाक के सुरैनी गांव में शौचालय निर्माण में 20 लाख 4हजार का गबन का खुलासा हुआ है,आरोप है ग्राम प्रधान ने सचिव के साथ मिलकर शौचालय निर्माण में गबन किया है, ग्रामीणों की शिकायत पर मामले को सज्ञान लेते हुए डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर ने 25 जून को एडीओ पंचायत परमात्मा पांडेय को तत्काल मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। खजनी ब्लॉक के सुरैनी ग्राम पंचायत मे ग्रामीणों ने शौचालय धांधली को लेकर ब्लॉक व जिले के अधिकारियो से शिकायत किया था,जहाँ डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर ने 1 जनवरी को एडीओ पंचायत परमात्मा पाण्डेय के नेतृत्व मे7 सदस्यीय टीम गठित कर शौचालय जांच करने का आदेश दिया था,जांच मे167 शौचालय बनने की पुष्टि नहीं हुई टीम ने तत्कालीन ग्राम प्रधान संतराज यादव व तत्कालीन सचिव रमेश कुमार द्वारा कूटरचित दस्तावेज के जरिये 20 लाख 4 हजार रूपये ग्राम निधि खाते से निकालने का आरोप लगाया,उसके बाद 25 जून को डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था लेकिन एक हफ्ता बीत गये मुकदमा तो दूर मामला अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा है, इस संबन्ध मे एडीओ पंचायत परमात्मा पाण्डेय ने बताया ग्राम प्रधान व सचिव से शौचालय बनवाने की बात कही गयी है दुबारा जांच मे अगर शौचालय का निर्माण की पुष्टि हो जाती है तो मुकदमा दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है।

# पुलिया के नीचे अज्ञात व्यक्ति की मिली लाश , सिर में चोट के निशान

**– अज्ञात लाश को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी भेजा गया रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों का चल सकेगा पता– एसपी नार्थ**

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। चौरीचौरा में शुक्रवार की सुबह पुलिस को एक 45 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने सोनबरसा फुटहवा इनार के सरैया बाइसी नाला के पास से शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी कोशिश के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। युवक के सिर में चोट के निशान मिले हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि हत्या कर शव को फेंक दिया गया होगा। जबकि पुलिस इस मामले में दुर्घटना मान रही है। सोनबरसा फुटहवा इनार के सरैया बाइसी नाला के पास आज सुबह शव देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो कुछ दूरी पर पुलिया के पास पुलिस को एक जोड़ी चप्पल और प्लास्टिक की ग्लास मिली। जबकि मृतक की जेब से मात्र 30 रुपए नगद के अलावा अन्य कुछ नहीं मिला। जबकि उसके सिर में चोट के निशान मिले हैं। ऐसे में पुलिस का मानना है कि वह शराब पीकर नशे में गिर गया होगा,जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि आसपास के ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि सोनबरसा फुटहवा इनार सरैया बाइसी नाला पुलिया के पास अज्ञात शव बरामद हुआ है प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्ति शराब का आदी लग रहा है शराब के नशे में रोड के किनारे लधु शंका करते समय पुलिया के पास नीचे गिर गया होगा जिससे उक्त व्यक्ति के सर में चोट आ गई और उसकी मृत्यु हो गई होगी लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तथ्यों का पता चल पाएगा कि उक्त व्यक्ति की मृत्यु किन कारणों से हुई है अभी 3 दिनों तक है उक्त लाश को संरक्षित कर पहचान हेतु रखा जाएगा जिससे उक्त व्यक्ति की शिनाख्त हो सके।

# बनवरिया के ग्राम प्रधान बबलू यादव को ग्रामीणों ने अच्छे कार्यों के लिए किया सम्मानित

**– स्वर्गीय एडवोकेट मनेद्र कुमार शर्मा के घर पर हुआ आयोजन**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के सेवरही विकासखंड के ग्राम पंचायत बनवरिया के ग्राम प्रधान अलकेन्द उर्फ बबलू यादव का गांव सभा के अंदर स्वर्गी एडवोकेट मनेन्द्र कुमार शर्मा के घर उनके छोटे पुत्र द्वारा बुलाई गई सम्मान समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के अच्छे कार्यों के लिए फूल मालाओं से सम्मानित किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान अल केंद्र यादव ने कहा कि गांव की जनता के लिए हर सुख दुख में मैं तत्पर रहूंगा हर व्यक्ति की जो भी पीड़ा होगी उसमें सहभागी बनकर उसको दूर करने का प्रयास करूंगा गांव का विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता में है गांव के सभी सम्मानित नागरिक का सम्मान करते हुए आशा एवं विश्वास करता हूं कि आने वाले समय में सभी लोग मिलजुल कर रहे विकास के कार्यों में सहयोग प्रदान करें ताकि गांव का विकास सही दिशा में हो सके मैं इसके लिए प्रयत्नशील हूं तथा ब्लॉक सहित उच्च अधिकारियों से भी संपर्क स्थापित कर रहा हूं। ग्राम प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम सभा के हर व्यक्ति को कोविड–19 का आदेशों को हर हालत में पालन करना है 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को कोरेना महामारी से बचने के लिए टीकाकरण आवश्यक है गांव में कैंप लग रहे हैं सभी लोगों से आग्रह है कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी सम्मानित बंधु अपना अपना टीकाकरण अवश्य करा लें अपने भी सुरक्षित रहें तथा परिवार को भी सुरक्षित रखने का काम करें साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

# उत्तर प्रदेश के विरासत हेरीटेज वृक्ष

लखनऊ, (यूएनएस)। प्रकृति खासतौर पर वृक्षों का सम्मान उन्हें पूजना व रक्षा करना हमारी संस्कृति हैं। हमारे देश में प्राचीन काल से ही वृक्षों के रोपण, संरक्षण एवं संवर्धन की परम्परा रही है। वृक्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण संसाधन एवं हमारी सांस्कृतिक धरोहर के अभिन्न अंग हैं। विभिन्न धार्मिक स्थलों, नदियों, तालाबों,वेटलैण्डस व मार्गों के किनारे एवं विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों के परिसरों में अत्यन्त प्राचीन वृक्ष पाये जाते हैं। इन वृक्षों में पीपल, बरगद, इमली, नीम, महुआ, पारिजात, जामुन, साल सहित कई प्रजातियों के वृक्ष शामिल हैं। प्रदेश में विलुप्त हो रही वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण एवं पौराणिक,ऐतिहासिक अवसरों, महत्वपूर्ण घटनाओं, अति विशिष्ट व्यक्तियों, स्मारकों, धार्मिक परम्पराओं व मान्यताओं से जुड़े हुए वृक्षों को संरक्षित कर जन सामान्य में वृक्षों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विरासत,हेरीटेज वृक्षों के चयन व अभिलेखीकरण की कार्यवाही की गयी है।

वन क्षेत्र में विरासत वृक्षों का चिन्हांकन प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा किया गया है। वन क्षेत्र के बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में जैवविविधता प्रबन्ध समिति द्वारा विरासत वृक्षों का चयन उन्हे ग्राम पंचायत के जैवविविधता रजिस्टर में दर्ज कर ग्राम प्रधान के द्वारा उसकी सूचना खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिलाधिकारी के माध्यम से प्रभागीय वनाधिकारी को दी जानी है। इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में नगर आयुक्त,अधिशासी अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रभागीय वनाधिकारी को सूचना उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। प्रभागीय वनाधिकारियों द्वारा विरासत वृक्ष घोषित करने की संस्तुति सहित प्रस्ताव सचिव, उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है तथा बोर्ड से अनुमोदन के उपरान्त सचिव, उ0प्र0 राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा विरासत वृक्ष की घोषित की जानी है। प्रभागीय वनाधिकारी,प्रभागीय निदेशक से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर विरासत वृक्ष घोषित करने की संस्तुति बोर्ड को करने हेतु एवं प्रकाशित की जा रही पुस्तक को अन्तिम रूप देने हेतु डा0 रूपक डे, भा0व0से0, सेवानिवृत्त, हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स,प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में एक समिति गठित है। उक्त समिति द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप उपयुक्त पाये गये। 28 प्रजातियों के 943 वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित करने की संस्तुति की है। वन विभाग द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से मुद्रण व प्रकाशन का कार्य प्रगति पर है। पुस्तक में लगभग 130 विरासत वृक्षों का विस्तृत विवरण फोटोग्राफ्स सहित शामिल है तथा शेष विरासत वृक्षों की सूची व संक्षिप्त विवरण पुस्तक में दिया जा रहा है। विरासत वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य प्रभागीय वनाधिकारियों द्वारा कराया जाएगा। इस कार्य में राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय के वनास्पति शास्त्र विभाग एवं शोध संस्थानों का परामर्श भी प्राप्त किया जाएगा। जनपद में घोषित,चयनित विरासत वृक्षों व उनकी प्रजाति के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु वृक्षारोपण अभियान में सम्यक प्रचार प्रसार किया जायेगा।

# बीकापुर तहसील में एसडीएम के साथ चलने वाले अर्दली की कउ से हुई शिकायत

अमिट रेखा जुनेद अहमद

अयोध्या। बीकापुर तहसील में भरस्टाचार का इस तरह बोल बाला है कि एसडीएम के साथ टोपी लगा कर चलने वाले कथित अर्दली राकेश कुमार की डीएम से शिकायत रजिटर्ड डाक द्वारा हुई है। कथित अर्दली मार्च तक सीजनल अमीन का चपरासी पर नियुकित थीं उंसके बाद भी वह अपने बल बूते और जादुई कौशल के आधार पर एसडीएम का अर्दली बना है, बाकायदा अपने मोबाइल नम्बर्स कानूनगो, लेखपालों को निर्देश भी एसडीएम की तरफ देता है। पीड़ित रंजीत कोरी ने डीएम से शिकायत किया है कि कथित अर्दली के कारण असली कर्मचारी भी भयभीत रहते है। यही नही गुरुवार को जन सूचना की प्रति रिसिब करवाने गए रंजित की प्रति कोई भी कर्मचारी लेने को इसलिए तैयार नही हुआ क्योकि मामला कथित अर्दली से जुड़ा था, पीड़ित का आरोप है अर्दली अपनी पहुँच व रसूख से अधिकाइयो को पटा कर अच्छी कमाई भी कर रहा है। मामले में जन सूचना अधिकार के तहत जानकारी भी मांगी गई है कि असली अर्दली एसडीएम का कौन है। कथित अर्दली पर पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसकी पैमाइस में उसने कानून गो को फोन कर रोका तो इसका पताचला है। फिलहाल बीकापुर तहसील की हालत बाद से बदतर हो चुकी है, मामले में पीड़ित न्यायालय भी जाने की बात बताई है। बताया कि फर्जी अर्दली की विडियो व फोटो उंसके पास मौजूद है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह एसडीएम से मिलने जाता है तो वह पहले मिलकर रोक देता है। फिलहाल अर्दली चर्चा का विषय बना हुआ है। 'अभिलेखों से पता चला है कि राकेश मार्च 14 तक सीजनल चपरासी वसूली में था उंसके बाद उसकी तैनाती समाप्त है। उंसके द्वारा किए गए कई कारनामो की फेहरिस्त तैयार हो रही है।

## अध्यक्ष अखिलेश यादव छोटे दलों के साथ करेंगे गठबंधन

लखनऊ, (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में होने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हैं. सभी बड़ी–छोटी पार्टियां एक दूसरे पर लगातार हमलावर नजर आ रही हैं. इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बड़ा बयान दिया है. उनका कहना है कि उनकी पार्टी छोटे दलों के साथ गठबंधन करेगी। अखिलेश यादव ने बीजेपी पर भी निशाना साधा है। उनका आरोप है कि भाजपा असल मुद्दों जैसे महंगाई और बेरोजगारी पर बात ही नहीं करना चाहती है। सपा द्वारा गठबंधन की बात पर बसपा की मुखिया मायावती ने उनपर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उनका कहना है कि समाजवादी पार्टी की घोर स्वार्थी, संकीर्ण और खासकर दलित विरोधी सोच और कार्यशैली है. उनके कड़वे अनुभवों और इसकी भुक्तभोगी होने के कारण देश की अधिकतर बड़ी व प्रमुख पार्टियां चुनाव में इनसे किनारा करना ही ज्यादा बेहतर समझती हैं. यह सर्वविदित है।

## नेशनल वर्किंग कमेटी के सदस्य बने निर्मल सिंह

लखनऊ, (यूएनएस)। नेशनल वर्किंग कमेटी के सदस्य बने स. निर्मल सिंह श्रीगुरू तेग बहादुरजी के 400 वें प्रकाश पर्व की अन्तर्राष्ट्रीय सेलेब्रिशन कमेटीमेंनिर्मह सिंह (अध्यक्ष केन्द्री सिंह सभा लखनऊ गुरूद्वारा आलमबाग) को उ0प्र0 राज्य से प्रोग्राम कमेटी में नेशनल वर्किंग एण्ड को ऑर्डिनेशन कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर लखनऊ के सिक्ख समाज व अन्य समाज की ओर से बधाइयाँ दी गयी। निर्मल सिंह ने इस सेवी की जिम्मेदारी मिलने पर साहिब श्रीगुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराजका धन्यवाद प्रकट करते हुये कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सेलेब्रिशन कमेटी में शामिल होना मेरे लिये बड़े सम्मान की बात है। इस कमेटी के विशाल नेतृत्व शरद पवार अध्यक्ष, प्रकाश सिंह बादल अध्यक्ष अकाली दल, नितिन गड़करी (केन्द्रीय मंत्री) सुशील कुमार शिन्दे (पूर्व ग्रहमंत्री). मन्जिदर सिंह सिरसा अध्यक्ष, चन्द्रकान्त पाटिल (अध्यक्ष भाजपा महाराष्ट्र), पद्मश्री सुरजीत सिंह पातर व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय बुद्धजीवियों के साथ सेवा के बहुत सारे पहलू सीखने को मिलेंगे। इस कमेटी का सदस्य बनाने के लिये मैं चरनजीत सिंह साहनी (महाराष्ट्र) का धन्यवाद करता हूँ।

## कोविड टीका याचिका की सुनवाई इलाहाबाद पीठ में होगी

लखनऊ, (यूएनएस)। राष्ट्रीय राष्ट्रवादी पार्टी के अध्यक्ष प्रताप चन्द्र तथा अन्य लोगों द्वारा कोविड एंटीबॉडी विकसित हो चुके व्यक्तियों के लिए कोविड टीका आवश्यक नहीं होने के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट करने हेतु इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में दायर जनहित याचिका की सुनवाई अब इलाहाबाद पीठ में होगी। जस्टिस ऋतुराज अवस्थी तथा जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की बेंच ने यह आदेश याचीगण की अधिवक्ता डॉ नूतन ठाकुर तथा केंद्र सरकार के अधिवक्ता को सुनने के बाद दिया। नूतन ने कोर्ट को बताया कि कई व्यक्तियों में कोरोना प्रभावित होने के साल भर बाद तक इसके एंटीबॉडी मौजूद पाए गए हैं।

## भाजपा सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में ''शतक'' लगाया : प्रमोद तिवारी

लखनऊ, (यूएनएस)। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा आउट रीच एण्ड को–ऑर्डिनेशन कमेटी, उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि पहले से ही खाने के तेल, दाल एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न वस्तुओं एवं रोजमर्रा की चींजो के दाम पहले से ही बढ़े हुये है, जिससे गरीब तपके के लोगों एवं मध्यम वर्ग के सामने गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। श्री तिवारी ने कहा है कि अब खाना बनाने वाली रसोई गैस की कीमत 25.50 रुपये प्रति सिलेण्डर बढ़ा दिया है। रेट रिवीजन के बाद घरेलू सिलेंडर का बाजार भाव (नॉन सब्सिडी रेट) 847 रुपये से बढ़ाकर 872.50 रुपये हो गया है। इसी तरह, कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 84 रुपये का इजाफा हुआ है, जो 1566 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़कर अब 1660 रुपये का हो गया है। इस प्रकार जरूरी वस्तुओं की कीमत बढ़ने से मंहगाई ने लोगों की कमर तोड़ दिया है, लोगों के सामने जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है, और चूल्हे की आग भी बुझने की कगार पर है। भा.ज.पा. सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में ''शतक'' लगाया। 50 से अधिक जिलो में रसोई गैस के दाम लगभग एक हजार रुपये प्रति सिलेण्डर के पास पहुँच गया जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में 70 डॉलर प्रति बैरल के आस पास ही है।

# जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण सम्बन्धी वाहन को किया हरी झण्डी दिखा कर रवाना

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर मुख्य गेट के पास से हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नरेंद्र गुप्ता ने संचारी रोग नियंत्रण हेतु गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह गाड़ियां संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाएंगे वहां से डॉक्टर एवं टीम संचारी रोग नियंत्रण हेतु स्थल पर जाएंगे और रोगियों का जायजा लेंगे संचारी रोग के अंतर्गत दिमागी बुखार, जापानी इंसेफलाइटिस, कालाजार डेंगू, मलेरिया तथा टीवी रोग आदि शामिल है।जनपद कुशीनगर में बरसात के दिनों में संचारी रोग के मामलों में वृद्धि हो जाती है। विदित हो कि इस वक्त जनपद में संचारी रोग संबंधित 45 मामले हैं जिसमें से 41 मामले दिमागी बुखार के तथा चार मामले जापानी इंसेफेलाइटिस , मलेरिया के 02 मामले तथा कालाजार के 14 मामले हैं। जनपद कुशीनगर को संचारी रोग से मुक्त करने हेतु इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि संचारी रोग नियंत्रण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने बार–बार बैठकों से भी सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित स्थलों का भौतिक रूप से भ्रमण किया जाए। आशा तथा आंगनवाडी कार्यकत्री समय से बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उसे इंसेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित

**– सहायता प्राप्त करने के लिये खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें पोर्टल पर कर सकती हैं आवेदन**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिला उद्यान अधिकारी कुशीनगर रामायण सिंह ने बताया की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना शुरू की है। जनपद कुशीनगर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के उद्देश्य निम्न वत है एक जनपद एक उत्पाद जनपद कुशीनगर का ओ डी ओ पी दृष्टिकोण के तहत केला से निर्मित उत्पाद का उत्पादन करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि अन्य उत्पादों का उत्पादन करने वाले उद्योगों का भी समर्थन दिया जाएगा।इसके तहत सामान्य अवसंरचना में एफपीओध् एसएचजीध् सहकारिताओंध् राज्य के स्वामित्व वाली एजेंसियों और निजी उद्यमियों को सामान्य प्रसंस्करण सुविधा प्रयोगशाला, गोदाम ,कोल्ड स्टोरेज, पैकिंग और इनक्यूबेशन केंद्र समेत इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 35ः की दर से क्रेडिट लिंक्ड अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। सहायता प्राप्त करने के इच्छुक मौजूदा खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें एफ0एम0ई0 पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। क्षेत्र स्तरीय सहायता के लिए नियोजित जिला रिसोर्ट पर्सन डीपीआर तैयार करने, बैंक ऋण प्राप्त करने, आवश्यक पंजीकरण तथा एफ एस एस ए आई के खाद्य मानकों, उद्योग आधार एवं जीएसटी प्राप्त करने के लिए हैंड–होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराएंगे। एफपीओध् स्वयं सहायता समूहोंध् सहकारिताओं, कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर एवं विपणन तथा ब्रांडिंग के समर्थन के लिए आवेदन डी पी आर समेत राज्य नोडल एजेंसी को भेजे जा सकते हैं। राज्य नोडल एजेंसी अनुदान के लिए परियोजना को अवगत कराएंगे और बैंक ऋण के लिए सिफारिश करेंगे। सरकार द्वारा अनुदान ऋणदाता बैंक में लाभार्थी के खाते में जमा किया जाएगा। यदि ऋण की अंतिम किश्त संवितरण से 3 वर्ष की अवधि के पश्चात लाभार्थी अगर नियमित ऋण और ब्याज चुका रहा है और उद्यम ढंग से काम कर रहा हो तो यह राशि लाभार्थी के बैंक खाते में समायोजित की जाएगी। ऋण में अनुदान राशि के लिए बैंक द्वारा कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। योजना के विस्तृत दिशानिर्देश मंत्रालय की वेबसाइट mofpi-nic-in पर देखे जा सकते हैं। व्यक्तिगत उद्यमी एवं अन्य इच्छुक लोग योजना शुरू किए जाने तथा जिला स्तर पर संपर्क स्थानों के संबंध में अपने राज्योंध् संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य नोडल एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं।

# डॉक्टर्स डे के अवसर पर कोरोना काल मे अपनी सेवाएं देते हुए शहीद योद्धाओं को दी गयी श्रद्धांजलि

**– इस अवसर पर वृक्षारोपण सहित मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों को किया गया सम्मानित**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। अमर उजाला फाउंडेशन एवं मारवाड़ी युवा मच पडरौना द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर कोरोना काल के दौरान अपनी सेवा देते हुए शहीद हुए सभी कोविड योद्धाओं को समर्पित श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम पुरुष एवं नेत्र चिकित्सालय पडरौना में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पौधरोपण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की।उक्त अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जनपद कुशीनगर के डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान अपनी ड्यूटी दी थी। जिलाधिकारी ने उनके कार्यों को सराहाते हुए कहा कि कोरोना काल में जब लॉकडाउन में सब घरों में थे आपके द्वारा प्रदान की गई सेवा सराहनीय है। इस क्रम में उन्होंने महिला अस्पताल में आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से ऑक्सीजन प्लांट लगाने की भी चर्चा की इस अवसर पर पुरुष एवं नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक गण, समाजसेवी सहित कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# सभी दलों के नेताओं ने पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। गोरखपुर के अलावा बस्ती,सिद्दार्थनगर, महराजगंज, संतकबीर नगर,अंबेडकरनगर,कुशीनगर,पडरौना, देवरिया,विहार के लोग गांव पहुँचे शुक्रवार देर रात्रि सुचना क्षेत्र के लोगो को मिली, बृहस्पतिवार देर अपराह्न उनके पैतृक गांव झुडिया मे शव के पहुंचने की सुचना पर क्षेत्रीय अनेको राजनीतिक दल के लोग गांव पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया,लोग गांव से लेकर कस्बे तक गाड़ियों के आते जाते नजर आये,सांसद के लोकप्रियता की चर्चा लोगो के जुबान पर थी, दिगवंत सांसद शरद त्रिपाठी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव झुडिया तिवारी 5 बजकर 30 मिनट पर पंहुचा,उनके शव पहुंचने के 45 मिनट पहले राज्य सभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला गांव पहुंच चुके थे,उनके चेहरे पर उदासी छाया था,वह दरवाजे के एक कोने मे बैठकर शव की प्रतीक्षा कर रहे थे,घर पर कोई नहीं था,एकदम शांत वातावरण था,बाहर से आने वाले लोग गांव से सड़क के किनारे घंटों खड़े होकर शव यात्रा का इंतजार करते दिखे |उनका पार्थिव शरीर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया |गांव की महिलाओ मे जोर जोर की चिल्लाहट को किसी तरह शांत कराया बाहर से पहुँचे सभी दलों के लोगो की आँखे नम थी,ऐसा लग रहा था हर कोई ब्यक्ति अपना बेटा खो दिया हो |गोरखपुर जिले के अलावा बस्ती,संतकबीर नगर,आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया और अन्य जिलों के राजनैतिक एवं सामाजिक लोगों ने पहुंचकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी विदाई दी |भीड़ की हालत यह रही कि घर से लेकर सड़क तक लगभग 300 गाड़ियों से अधिक का काफिला देखने को मिला और उनके घर तक हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ थी। हर कोई अपनी भीगी पलकों से अपने चहेते दिगवंत सांसद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा था,उपस्थित जन सैलाब उनके अंतिम दर्शन को लोग लालायित दिखे |दिगवंत शरद त्रिपाठी के पिता देवरिया के सांसद रमापति राम त्रिपाठी बीच बीच मे भावुक होकर रोने लगते थे,उनके बगल मे बैठे राजमंत्री सांसद शिव प्रताव शुक्ल बार बार ढाढ़स बंधा रहे थे,श्रद्धांजलि सभा मे सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, मंत्री सूर्य प्रताप शाही,क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, महामंत्री प्रदीप शुक्ला,सांसद शिव प्रताप शुक्ला,पूर्व मंत्री श्री राम चौहान सांसद हरीश द्विवेदी,विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ला,विधायक संत प्रसाद,विधायक शीतलपांडेय,विधायक राधामोहनदास अग्रवाल,पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद उर्फ बृजेश सिंह,पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय,पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी,बड़यापार राजा बृजेश प्रताप सिंह,मुंबई के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन त्रिपाठी जी,जिला उपाध्यक्ष हरकेश राम त्रिपाठी,छोटे लाल मौर्य,विनोद कुमार पाण्डेय एडवोकेट,राजाराम कनौजिया,डॉ आर डी सिंह,मंत्री संतराज यादव,महामंडलेश्वर किरण नंदगिरी आदि लोग मौजूद रहे।




# बोलेरो में ठोकर मार भाग रहे पशु लदे ट्रक को ग्रामीणों के सहयोग से खुखुंदू पुलिस ने पकडा

अमित रेखा दिनेश गुप्ता तहसील प्रभारी

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के अंतर्गत देवरिया कोतवाली क्षेत्र के सोनू घाट चौक पर पशु लदे ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी,जिससे बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई |क्षतिग्रस्त बोलेरो सही कराने को कहने पर ट्रक चालक ने आगे चलने को कहां और भागने लगा.इसके बोलेरो चालक व अन्य लोगों द्वारा उसे दौड कर पकड़ लिया गया |और पुलिस को सुचना दी गई |जब पुलिस ने जांच किया तो उसमें पशु लदे पाए गए |क्षतिग्रस्त बलोरो मालिक पंकज कुमार गुप्ता पुत्र ढोघ्ड प्रसाद निवासी सरया डीह भगत थाना भीमपुर तहसगल बेल्थरा रोड बलिया ने बताया कि मै अपने घर से डयूटी के लिए महराजगंज अपनी पत्नी के साथ जा रहां था |मै अभी सोनु घाट पहुंचा ही था |कि बरहज की तरफ से तेज रफतार सें आ रहे ट्रक जिसका नम्बर यूपी 62ज7384 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गयी |लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ |ट्रक वाले ने क्षतिग्रस्त बोलेरो की मरम्मत करवाने की बात कह कर अपने साथ सलेमपुर चलने को कहां |मौका देखकर ट्रक चालक ने भागने की कोशीश की ,जिसका पिक्षा पंकज कुमार गुप्ता ने अपने बोलेरो से किया ट्रक चालक खुखुन्दू के रास्ते नूनखार रोड में भागने लगा। बोलेरो मालिक व स्थानीय लोगों के साथ ट्रक का पीक्षा किया और गांगी के पास ट्रक पकड लिया गया |मौके से चालक फरार हो गया लोगों के शक होने पर जब ट्रक की जांच की गई तो ट्रक में भारी मात्रा में पशु लदे मिलें, लोगों के द्वारा खुखुन्दू पुलिस को इसकी सूचना दी गई |पुलिस मौके पर पहुंच कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया, हालांकि एक्सीडेंट का मामला कोतवाली देवरिया का था इस वजह से खुखुन्दू पुलिस ने पशु समेत ट्रक को कोतवाली पुलिस देवरिया को सौंप दिया।

# छेड़खानी का विरोध करने पर मनरेगा मजदूर को पीट-पीट कर किया मरणासन्न हालत नाजुक

अमित रेखा रोहित सिंह।

मिल्कीपुर / अयोध्य। इनायतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी मिर्जापुर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह मनरेगा की मजदूरी पर जा रहे मजदूर को दबंग युवक ने लाठियों से जमकर पीटा। मरणासन्न अवस्था में उसे सीएचसी मिल्कीपुर में भर्ती कराया गया जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने हालात गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मनरेगा मजदूर के शरीर में कई फ्रैक्चर हो गए। दाहिना हाथ पूरी तरह से लाठी मारकर तोड़ दिया गया है। पीड़ित मजदूर हरीराम प्रजापति पुत्र जयपाल ने आरोप लगाया कि मनबढ़ युवक पप्पू पांडे आए दिन शौच को जाते समय उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी व गलत कार्य करता था |जिसका विरोध करने के कारण दबंग युवक ने लाठी से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नियाज अहमद ने पुलिस की कार्यशली पर भी सवाल उठाया है। नियाज अहमद ने बताया कि जब हम पीड़ित को लेकर थाने पहुंचे तो वहाँ पर कोई भी पुलिस कर्मी प्राथमिकी दर्ज करने को तैयार नही था। काफी जद्दोजहद के बाद धारा 323, 504, 506 एवं 325 आईपीसी के तहत मुकदमा लिखा गया व घायल हरीराम प्रजापति को जिला अस्पताल मेडिकल के लिए भेजा गया जहाँ हरीराम का इलाज चल रहा है। प्रधान प्रतिनिधि नियाज अहमद ने कहा है कि मनबढ़ युवक पर जल्द से जल्द कार्रवाई नही हुई तो सभी मजदूर मनरेगा का कार्य बंद करके हड़ताल पर चले जाएंगे। हालांकि पुलिस मामले में अभी आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर राहुल कुमार ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि नियाज अहमद की तहरीर पर सराय नामू निवासी पप्पू पाण्डेय के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत की गई बैठक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत की गयी बैठक। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बीमित 10 किसानो को दी गयी फसल क्षतिपूर्ति। जिलाधिकारी ने किसानो को सम्बोधन में कहा कि फसल बीमा योजना को जाने, समझे तभी कराये फसल बीमा। उन्होने उप कृषि प्रसार निदेशक को निर्देश दिया कि ब्लाकस्तर पर बीमा सम्बन्धी जानकारियां उपलब्ध करायी जाय,जिससे किसानों को किस आपदा या फसल क्षति पर बीमा से क्षतिपूर्ति मिलेगी,इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो सके । जिससे फसल क्षतिपूर्ति के लिए स्वेच्छानुसार से बीमा करायें । उन्होने किसान क्रेडिट कार्ड को और बढाने हेतु निर्देशित भी किया। बीमा कम्पनी ऐग्रिकल्चरल इण्डिया लिमिटेड द्वारा जनपद में हर ब्लाक में एक कर्मचारी होना आवश्यक है परन्तु मात्र चार कर्मचारी कार्य कर रहे है जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी ब्यक्त करते हुए डीडी ऐग्रिकल्चरल को निर्देश दिया कि कम्पनी को नोटिस जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया जाय। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ 2020 की फसल क्षतिपूर्ति के लिए निचलौल ब्लाक के ग्राम सभा सोहगीबरवा के कैलाश सिंह 3,31,738 रुपये वासीरून 1,70108 रुपये राम औतार 99,206 रुपए नारायन 92060 रुपये सहित 10 किसानों को धनराशि की क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र दिया गया। जो कम्पनी द्वारा खाते में स्थानान्तरित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि खाता चेक कर लें,अगर पैसा खाते में नही आये तो हमें सूचित किया जाय। इसी प्रकार रामनरायन सिंह दुबौली,रामप्रीत कटहरा,रामाश्रय कटहरा, सुनील गुप्ता खेमपिपरा, शुभकरन बासपार बैजौली, ईशवर सरन गिदहा तथा त्रियुगी बेईलिया,सात किसानों को उर्द बीज मिनी कीट भी वितरण किया गया । उक्त अवसर पर किसानो के प्रति अच्छे कार्य तथा किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने में सहयोग हेतु चार बैंक मैनेजर को भी प्रोत्साहन प्रमाण पत्र दिया गया । बैठक में ऐग्रिकल्चरल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



# दहेज को लेकर प्रताड़ना से हुई विवाहिता की मौत

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। मांधाता के गांव भावलपुर पुर में शादी के बाद से विवाहिता को प्रताड़ित करते रहे ससुराली जन एक सप्ताह पूर्व गंभीर हालत में मायके के बाजार में छोड़कर भागे शुक्रवार की सुबह हुई उसकी मौत। थाना आसपुर देवसरा के गांव मढरामऊ निवास ने कंचन सिंह पुत्री राजेंद्र सिंह की शादी 2014 में सुधाकर सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह भावलपुर थाना मांधाता के साथ हुई थी विवाहिता को ससुराली जन द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा बीते 24 जून को मायके के नजदीक बाजार में गंभीर हालत में छोड़कर पति सुधाकर सिंह चला गया था शुक्रवार की सुबह विवाहिता कीमौत हो गई मायके वालों ने पति सास ननंद के विरुद्ध तहरीर दी।

# एक नाबालिक लड़की को चार पहिया वाहन में जबरदस्ती बैठा लिए और उसके साथ किया बलात्कार

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। थाना रानीगंज के एक गांव में शुक्रवार की सुबह एक लड़की अपने सहेली के घर जा रही थी गांव के ही 2 लड़के चार पहिया वाहन से आए और जबरजस्ती नाबालिक लड़की को खींचकर गाड़ी में बैठाया दूर ले जाकर उसके जबरदस्ती बलात्कार किया इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की तहरीर पुलिस को दी। थाना रानीगंज के एक गांव में शुक्रवार की सुबह एक लड़की अपने पहेली के घर मिलने जा रही थी जैसे ही वह बाजार में पहुंची थी कि एकाएक 4 पहिया वाहन उसके सामने आकर रूकी उस गाड़ी मे गांव के ही दो व्यक्ति गाड़ी के अंदर बैठ थे बैठे लोगो ने जबरजस्ती लड़की को खींचकर गाड़ी में बैठा लिया दूर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किए कुछ लोगों को लड़की ने देखा तो गाड़ी के अंदर से हल्ला गुहार मचाई तो ग्रामीण उसकी तरफ आने लगे तो लड़के उस लड़की को गाड़ी उतार कर फरार हो गये ,आरोपी दूसरे समुदाय के बताये जा रहे है |घटना की नामजद तहरीर मा ने थाने मे दी गई है।

# आगामी 10 जुलाई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**– अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किए जाने की है जरुरत**

**– इसके लिए लोगो में जन जागरुकता लाए और वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं**

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

आगामी 10 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो को प्रस्तुत करने और उसका निस्तारण कराए जाने की अपेक्षा सभी संबंधित न्यायालयों एवं विभागो से की गयी है। इस लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय वादो का आपसी सहमति के आधार पर उसका निस्तारण किया जाता है। वादकारी एवं पक्षकारों के मामले निस्तारित होते है, जिससे उनका समय, भागदौड आदि के बचत के साथ ही उन्हे त्वरित न्याय मिल जाता है। इसलिये अधिक से अधिक वादो को प्रस्तुत करें और उसका समाधान सुनिश्चित कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी लोकेश कुमार तथा सचिव आरिफ निसामुद्दीन खान ने उक्त अपेक्षायें करते हुए कहा कि जुडे सभी अधिकारी अपने विभाग से अधिक से अधिक मामलों को अभी से चिन्हित करें, ताकि लोक अदालत के दिन उसका सुगमतापूर्वक निस्तारण किया जा सके तथा तहसील स्तर भी बैठकों को आयोजित कर मामलें को चिन्हित करने की कार्यवाही अभी से की जाए। राजस्व से संबंधित मामले, श्रम विभाग के मामले, विद्युत विभाग के मामले, बैंक से संबंधित ऋण मामले, दुर्घटना बीमा से संबंधित मामले को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने हेतु अभी से तैयारी सुनिश्चित कर लें। सभी विभाग अत्यधिक मामलों के निस्तारण के लक्ष्य को निर्धारित करें एवं उसको समस्त व्यक्तियों के प्रयास से क्रियान्वित करें ताकि आम जनमानस को मुकदमें एवं वादों से निजात दिलाया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में मोटर दुर्घटना एवं दुर्घटना बीमा प्रतिकर वादों, बैंको के ऋण आदि मामलों को निस्तारित कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने समस्त संबंधित विभागों को नोटिसों का तामिला समय से कराने हेतु कहा। बैंकों एवं बीमा के प्रबंधकगण व अन्य अधिकारियों को एक साथ आगे आने का आह्वान किया। बैंक ऋण, दुर्घटना बीमा, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, पारिवारिक, अन्य कोई भी सुलहनीय मामले या छोटे–मोटे संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराए जाने में सभी विभागो के समन्वय पर बल न्यायाधीश सिनियर डिविजन शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने दिया।

# थाना घुघली पुलिस द्वारा दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप गुप्ता के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना घुघली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 142ध्21 धारा 376ध452 भा0द0वि0 व 3ध4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शेरू यादव उर्फ सोमनाथ यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी मेदनीपुर, थाना घुघली जनपद महराजगंज को मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाना क्षेत्र के मेदनीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए चालान माननीय न्यायालय किया गया |गिरफ्तार वांछित अभियुक्त–शेरू यादव उर्फ सोमनाथ यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी मेदनीपुर, थाना घुघली जनपद महराजगंज गिरफ्तार करने वाली टीमः–उ0नि0 राम शंकर चौधरी थाना घुघली जनपद महराजगंज हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह थाना घुघली जनपद महराजगंज का0 बृजेश यादव थाना घुघली जनपद महराजगंज।



# कलेक्ट्रट सभागार में सिटीजन फोरम द्वारा कोरोना काल में आम पब्लिक की जीवन सेवा हेतु डाक्टर्स को सम्मानित किए जिलाधिकारी

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। डॉक्टर्स डे पर सिटीजन फोरम द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह कर सीएमओ सहित 50 चिकित्सक हुए सम्मानित। महराजगंज 01 जुलाई 2021, जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में सिटीजन फोरम द्वारा डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह आयोजित कर जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार व सिटीजन फोरम के अध्यक्ष डॉक्टर आरके मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव सीएमएस डॉ एके राय सहित कुल 50 सरकारी व निजी चिकित्सकोंको सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में 25 सरकारी तो 25 निजी चिकित्सक भी शामिल हैं। सम्मान समारोह कोसंबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार ने कहा कि कोरोना काल में डाक्टरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है डॉक्टर अपने कर्तव्य के प्रति पूरी लॉयबिल्टी के साथ कार्य किए हैं इसलिए वे सम्मानित होने के हकदार हैंऔर इन्हें सम्मानित करके सिटीजन फोरम ने महत्वपूर्ण कार्य किया है इसके लिए सिटीजन फोरम के लोग बधाई के पात्र हैं उन्होंने समाज को प्रेरणा देने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को करते रहने की सलाह दिया |सम्मान समारोह को सिटीजन फोरम के अध्यक्ष डॉ.आरके मिश्रा ने कहा कि फोरम का उद्देश्य अच्छे कार्य के लिए लोगों को सम्मानित करती रहेगी आज विपरीत परिस्थितियों डाक्टर्स द्वारा सम्मान पारक कार्य किया है इसलिए उन्हें सम्मानित होने का हक है और इसी तरह के सामाजिक कार्य हेतु सम्मान देने का आश्वासन भी दिया। महासचिव विमल कुमार पाण्डेय ने कहा कि संसाधनों की कमी है। उस दिशा में कार्य हो ,जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा की आवश्यकता है। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही सीटी स्कैन की सुविधा प्राप्त होने वाली है। फोरम सदस्य डा9परशुराम गुप्ता,डा0 घनश्याम शर्मा, कृष्ण मोहन अग्रवाल, डा0शांति शरण मिश्र, कोषाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, राजेश सिंह तथा चिकित्सकों की ओर से डॉक्टर आई ए अंसारी, डा0ए बी त्रिपाठी,डा 0एम भास्कर, डा0 राकेश राय, कौशिक द्वारा डॉक्टर्स डे की सामाजिक संदर्भों कार्यों की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। कोषाध्यक्ष दिलीप शुक्ला तिवारी शमशाद खान अब्दुल कलाम जवाहर लाल साहू नित्यानंद त्रिपाठी सुनील मिश्रा रुपेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। सम्मान समारोह का संचालन संयुक्त रुप से सचिव समसुल हुदा खान और मीडिया प्रभारी शान्ति शरण मिश्र ने किया |सिटीजन फोरम द्वारा32 वर्ष सेवा देने वाले स्वामीनाथ को भी जिलाधिकारी कार्यालय में अर्दली के रूप में 32 वर्ष तक लगातार सेवा कल सेवानिवृत्त हुए थे |उन्हेंभी फोरम की ओर से जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार द्वारा साल भेट कर सम्मानित किया गया।

# आमने सामने मोटरसाइकिल भीडंत में दो लोग घायल

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। शुक्रवार की सुबह पट्टी आसपुर देवसरा मार्ग पर कल्लू चौराहे के पास अनिल तिवारी निवासी ढढ़र थाना आसपुर देवसरा मोटरसाइकिल से पट्टी बाजार आ रहे थे अतरौरा गाव निवासी सुरेश यादव घर जा रहे थे कल्लू नगर चौराहे पर दोनो गाडी आपस मे टक्करा गयी , सुरेश यादव के सर में चोट आई है उनको बोलोरो में लेकर सीएचसी पट् ले आये ।

# अयोध्या मंदिर पर बोले, देश और विदेश के राम भक्त पहुंचे अयोध्या:केशव मौर्या

अमिटरेखा शिव शंकर तिवारी

मिल्कीपुर अयोध्या। राम मंदिर निर्माण पर डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने बयान दिया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से देश के सभी राम भक्तों को सुख मिलेगा। मैं भी राम भक्त हूं मुझे भी प्रसन्नता हो रही है |बहुत ही बड़े पैमाने पर अयोध्या के विकास की कार्य योजना तैयार हो चुकी है और तैयार भी हो रही है। अयोध्या में बन रहा राम लला का भव्य मंदिर |अयोध्या में बन रहा राम वन गमन मार्ग। जो श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे करेंगे राम लला का दर्शन और कैसे रामराज्य था उसकी लेकर जाएंगे परिकल्पना। राम वन गमन मार्ग के अलग–अलग स्थानों पर रामायण कालीन के दृश्य श्रद्धालुओं को देखने को मिलेंगे |अयोध्या धाम में सड़क चौड़ीकरण के सवाल पर बोले डिप्टी सीएम |अयोध्या में जो भी सड़क चौड़ी हो रही है या विकास हो रहा है इससे व्यवसाय में होगी वृद्धि। सभी लोग करें सहयोग,किसी को दुखी करने की मंशा सरकार की नही है और ना कभी हो सकती है। सरकार की एक ही मंशा। अयोध्या का इतना विकास हो की लाख नहीं कई लाख रोजगार का सृजन होगा।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख ने पीडब्ल्यूडी विभाग से कार्य कराने के लिए

**– ग्रामीणों के साथ उप जिलाधिकारी तमकुही राज को ज्ञापन सौंपा**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव।

तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। गुरुवार को ग्राम सभा परसौनी बुजुर्ग में पक्के निर्माण कार्य को पीडब्ल्यूडी विभाग से कराए जाने के लिए 8 सूत्री मांग पत्र उप जिलाधिकारी तमकुही राज को पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय नारायण गुप्ता सहित प्रमुख लोगों ने मांग मांग पत्र सौंपा तथा पीडब्ल्यूडी विभाग से पक्का निर्माण कार्य सड़कों की पिचिढ्ंग कराने की मांग की।

# तमकुही राज एनएच 28 पर खड़ी ट्रक में पीछे से डीसीएम ट्रक ने ठोकर मारी

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद में शुक्र वार को सुबह 10 बजे के लगभग एनएच 28 रोड पर एक ट्रक पर कुछ बिहार के सवारी बैठे थे जिसको वह तहसील गेट के सामने सड़क पर खड़ी करके सवारियों को उतार रहा था सवारियों को गोपालगंज जाना था तभी अचानक पीछे से एक डीसी एम पीबी03ध्एएक्स1873 खड़ी ट्रक में पीछे से ठोकर मारी यात्री बाल–बाल बच गए डीसीएम के ड्राइवर और खलासी को हल्के चोटे आई हैं डीसीएम का आगे काहिस्साक्षतिग्रस्त है ,शुक्र है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है दुर्घटना होते ही राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई आगे खड़ी ट्रक अपने गंतव्य स्थान को चली ग ई क्षतिग्रस्त डीसीएम मौके पर ही पड़ी हुई है समाचार लिखे जाने तक चालक और यात्री सुरक्षित हैं अग्रिम कार्रवाई की कोई सूचना नहीं मिली है।

## 120 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमिटरेखा उदयकांत

अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अयोध्या के आदेश के क्रम में अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सर्किल सदर महोदय के निकट प्रवेक्षण में वीरेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष महराजगंज के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 विजय कुमार सोनी थाना महराजगंज जनपद अयोध्या मय हमराही फोर्स के मूखविर की सूचना के आधार पर अभि0 विक्रमादित्य पुत्र केशवराम को 120 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम के साथ बेलसण्डी पुलिया के पास से गिर0 किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 243 ६ 2021 धारा 8 ६ 21 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।




## चुनाव आयोग ने पवन अग्रवाल को नियुक्त किया चुनाव प्रेक्षक

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। चुनाव आयोग ने पवन अग्रवाल मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा को नियुक्त किया चुनाव प्रेक्षक। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु पवन अग्रवाल आईएएस को प्रेक्षक नामित किया गया है । प्रेक्षक महोदय द्वारा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा भी की गयी । जिला पंचायत अध्यक्ष पद का मतदान कल कलेक्टेट के जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष होने है। श्री अग्रवाल द्वारा मतदान की तैयारियों का भ्रमण कर चाक चौबन्द ब्यवस्था को भी देखा गया । अग्रवाल सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में अवस्थान करेंगे। उक्त की जानकारी अपर उप जिलाधिकारीः प्रशासनिक अधिकारी अविनाश कुमार द्वारा दिया गया है।



## महिला का गला दबाकर हत्या ससुराल वालों पर लगा आरोप

अमिट रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। गोपालगंज जिले के बिश्वम्भरपुर थाना क्षेत्र के बलिवन सागर गांव में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई ,महिला का शव घर के अंदर फंदे में टंगा मिला । मृत महिला का नाम रीता देवी है जिसकी शादी 12 बर्ष पहले बलीवन सागर गांव में राजीव गिरी से हुई मृतका के 4 बच्चे भी है । मृतका के पिता ने बताया कि घर में पहले से विवाद चल रहा था जिसके कारण गला दबाकर हत्या कर दिया गया है मृतका के सास व ननद से हमेशा विवाद चलता था जिसको लेकर मृतका के घरवालों ने गला दबाकर हत्या कर दिया ,वही सूचना के बाद हमलोग शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आये हैं । बिश्वम्भरपुर थानाध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि 5 लोगो को नामजद किया गया था जिसमे 1 व्यक्ति मृतका के ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## कर्मचारियों संघ वृक्षारोपण किए नगर अध्यक्ष

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अपने नगर पंचायत में पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु 658 वृक्ष लगाने के लक्ष्य को देखते हुए नगर के मीनि स्टेडियम खेलकूद क्रीड़ास्थल पर लगभग 100 वृक्ष का वृक्षारोपण स्वयं व अपने कर्मचारियों द्वारा किया व पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु लोगों को जागरूक करते हुए नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल साथ मे अधिशाषी अधिकारी अवधप्रकाश सिंह,सभासद महेश लोहिया ,संजय जायसवाल ,सफाई नायक कन्हैया आशीष जायसवाल कमलेश शर्मा एवं सम्मानित लोग उपस्थित रहे।




## कुर्मी महासभा ने मनाया सोनेलाल पटेल का 72वा जन्म दिन

अमिट रेखा – रमेश जायसवाल

हाटा – कुशीनगर। जनपद ब्लॉक के रामबर चरगहा में कुर्मी महासभा के बैनर तले डॉ सोनेलाल पटेल का जन्म दिवस मनाया गया।जिसके मुख्य अतिथि डॉ टी एन राय थे।अपने सम्बोधन में डॉ राय ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने शोषित समाज के लिए काम किया। वही कुर्मी महासभा के कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामनरेश पटेल ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल कुर्मी समाज के प्रणेता थे।जिसका संचालन एस एन चौधरी ने किया।सभी ने डॉ पटेल का जन्मदिन बड़े ही उल्लास से मनाया ।जिसमे ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह, विनोद सिंह,डॉ परसुराम सिंह, सुरेंद्र सिंह,ईश्वर सिंह,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।




# विद्युतीकरण योजना के नाम पर हुआ बड़ा ही हेरफेर, आरोप

### – मान्धाता विकास खण्ड के नरहर पट्टी गांव में वर्ष 2013 से ही विद्युतीकरण के नाम पर हुई बड़ी हेरफेर

अमिट रेखा प्रतापगढ ब्यूरो। दो बार से प्रधान प्रतिनिधि के रूप में रहे राजेश कुमार तिवारी नरहर पट्टी गांव को वर्ष 2015 में कोहला ग्रामसभा से अलग करवाया।बता दें कि हरिजन सीट आने पर बृजलाल हरिजन को प्रधान बनाए और गांव प्रतिनिधि के रूप लगातार गांव का विकास करते रहे। इस बार पंचायत चुनाव में शीला तिवारी पत्नी राजेश तिवारी लगभग 200 से अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की।एक खास बातचीत के दौरान प्रधान पति राजेश तिवारी ने बताया कि ग्रामसभा में विद्युतीकरण योजना के नाम पर बड़ा ही खेल हुआ है कई बार शिकायत करने के बावजूद सम्बंधित अधिकारी केवल आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बात करें तो वर्ष 2013 में ही के सी सी नामक कंपनी के नाम से विद्युतीकरण योजना का शुभारंभ हुआ जिसमे ठेकेदार ने गांव को खंभों को खड़ा कराकर फरार हो गया शिकायत और भागदौड़ प्रधान प्रतिनिधि राजेश तिवारी के करने पर एक अन्य ठेकेदार ने वर्ष 2018 2019 में आकर गांव के मुस्लिम बस्ती में जहां लगभग 20 घर ही है वहां लगभग 80 खम्भो को खड़ा करवा कर सप्लाई चालू की जिसमे इन लगभग 20 घरों में ही 15 केवी का तीन ट्रांसफार्मर भी उसी बस्ती में लगा दिया गया यहां तक कि एक घर के लिए ट्रांसफार्मर लगा दिया गया बाकी के बस्तियों को बिन ट्रांसफार्मर और तार के ही खम्भे को खड़ा कर के विद्युतीकरण योजना को पूर्ण करके ठेकेदार फरार हो गया। आरोप है कि कई बार क्षेत्रीय विधायक आर के वर्मा से भी प्रधानपति बने राजेश तिवारी ने शिकायत की परन्तु नही हो सका समस्या का समाधान। बीते रविवार को प्रधानपति राजेश तिवारी क्षेत्रीय विधायक डा. आर के वर्मा से मिलकर इस समस्या को गंभीरता से लेने के लिए निवेदन किया तो क्षेत्रीय विधायक डॉ आर के वर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अधूरे पड़े कार्य को सम्बंधित अधिकारियों से रूबरू करवाकर पूर्ण किया जाएगा। प्रधान पति और गांव के कुछ लोगो ने चंदे मिलाकर 10 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया जिसमे लगभग 30 घरों में बिजली चालू हो सकी। बता दें कि मुस्लिम बस्ती में लगभग 20 घरों में 15 के वी के 3 ट्रांसफार्मर लगा दिए गए ऐसी भी लापरवाही जिसमे नही है उच्चाधिकारियों का डर। गांव में यदि जल्द ही पूर्ण न हुआ विद्युतीकरण तो होगा चक्काजाम और जिला अधिकारी का घेराव ।वर्ष 2013 से जिस तरह विद्युतीकरण के नाम पर गांव वालों को गुमराह किया गया है अभी तक अधूरे पड़े विद्युतीकरण का कार्य गांव मे बिन तार व ट्रांसफॉर्मर के खम्भो को खड़ा किया गया है यदि समस्या का निदान हुआ तो जिला अधिकारी का होगा घेराव ।क्षेत्रीय विधायक डा. आर के वर्मा ने कहा कि मामले की जानकारी है कार्य शुरू होने अधूरे पड़े कार्य को पूर्ण करवाया जाएगा।



# किसानों की फसल बीमा अन्तर्गत क्षतिपूर्ति भुगतान प्रमाण पत्र वितरण किए जिलाधिकारी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत की गयी बैठक। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बीमित 10 किसानो को दी गयी फसल क्षतिपूर्ति। जिलाधिकारी ने किसानो को सम्बोधन में कहा कि फसल बीमा योजना को जाने, समझे तभी कराये फसल बीमा। उन्होने उप कृषि प्रसार निदेशक को निर्देश दिया कि ब्लाकस्तर पर बीमा सम्बन्धी जानकारियां उपलब्ध करायी जाय,जिससे किसानों को किस आपदा या फसल क्षति पर बीमा से क्षतिपूर्ति मिलेगी,इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो सके । जिससे फसल क्षतिपूर्ति के लिए स्वेच्छानुसार से बीमा करायें । उन्होने किसान क्रेडिट कार्ड को और बढाने हेतु निर्देशित भी किया। बीमा कम्पनी ऐग्रिकल्चरल इण्डिया लिमिटेड द्वारा जनपद में हर ब्लाक में एक कर्मचारी होना आवश्यक है परन्तु मात्र चार कर्मचारी कार्य कर रहे है जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी ब्यक्त करते हुए डीडी ऐग्रिकल्चरल को निर्देश दिया कि कम्पनी को नोटिस जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया जाय। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ 2020 की फसल क्षतिपूर्ति के लिए निचलौल ब्लाक के ग्राम सभा सोहगीबरवा के कैलाश सिंह 3,31,738 रू0,वासीरून 1,70108 रू0,राम औतार 99,206 रू0,नारायन 92060 रू0सहित 10 किसानों को धनराशि की क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र दिया गया। जो कम्पनी द्वारा खाते में स्थानान्तरित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि खाता चेक कर लेंअगर पैसा खाते में नही आये तो हमें सूचित किया जाय। इसी प्रकार रामनरायन सिंह दुबौली,रामप्रीत कटहरा,रामाश्रय कटहरा, सुनील गुप्ता खेमपिपरा, शुभकरन बासपार बैजौली, ईशवर सरन गिदहा तथा त्रियुगी बेईलिया,सात किसानों को उर्द बीज मिनी कीट भी वितरण किया गया । उक्त अवसर पर किसानो के प्रति अच्छे कार्य तथा किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने में सहयोग हेतु चार बैंक मैनेजर को भी प्रोत्साहन प्रमाण पत्र दिया गया । बैठक में ऐग्रिकल्चरल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।




# घर में चोरी करके भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोचा

अमिट रेखा प्रतापगढ ब्यूरो। थाना आसपुर देवसरा के गांव तिबीपुर में बीती रात चोर घर मे घुस कर चोरी कर रहा था इतने में बर्तन से चोर टकरा गया बर्तन की आवाज सुनकर गृह स्वामी की जग गया ,हल्ला गुहार मचाते हुए चोर को दौडा लिए चोर हड़बड़ाहट मे भागते हुए तालाब के गहरे पानी जा गिरा ग्रामीणों ने उसे घेर कर दबोच लिया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के इलाके में इन दिनों चोरों का आतंक व्याप्त अभी दस दिन पहले दो गांव में तीन घरों में लाखों के जेवरात व नगदी पर चोरों ने हाथ साफ कर गुरुवार की रात तीबीपुर निवासी साबिद अली के घर के सभी सदस्य सो रहे थे तभी घर में घुसे चोर ने साबीद अली के बड़े बेटे के चारपाई पर रख कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया मोबाइल लेने के बाद दूसरे कमरे में पहुंचा तो साबीद अली अपने चारपाई पर सो रहे थे चारपाई के पास रखे बर्तन में चोर टकराने के कारण बर्तन से आवाज निकल गई तभी गृहस्वामी की नींद से आंख खुल गई और देखा तो सामने अनजान व्यक्ति खड़ा था चोर चोर हल्ला करने लगे तभी शोर शराबा सुन आसपास के ग्रामीणों ने चोर को दौड़ा लिए अंधेरी रात होने के कारण घर से थोड़ी स्थित गहरे तालाब में जा गिरा मौके पर चोर का पीछा कर रहे ग्रामीणों ने तालाब में गिरे चोर को दबोच लिया घर चोर पकड़े जाने की बात गांव में आग की तरह फैल गई थोड़ी ही देर में मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों पहुंच गय मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोर का हाथ पैर बांधकर घर के सामने नीम के पेड़ में बांध दिया सुबह चोर पकड़े जाने की सूचना आसपुर देवसरा पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची तो पता चला की ग्रामीणों को चोर चकमा देकर फरार हो गया साबीद अली के घर में इसके पहले कई बार चोरी की घटना हो चुकी है पकड़े गए चोर की पहचान पड़ोस गांव लखीपुर का बताया गया ।



## बिहार प्रान्त के धनहां – रतवल मार्ग ध्वस्त, आवागमन प्रभावित

अमिट रेखा – रामाशंकर सिंह

कुशीनगर । बिहार प्रान्त के पश्चिमी चम्पारण जनपद के धनहां से होकर रतवल तक बना मुख्य मार्ग बरसात के बजह से पुरी तरह से ध्वस्त हो जाने से जहां कई गांवों का सम्पर्क इसी रास्ते टूट गया है तो वही इस मार्ग से जाने वाले लोग अपना जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से जाने आने को मजबूर है।बताते चलें कि यह मुख्य मार्ग दर्जनो गांवो को जोडती है ।सनद रहे कि बारिश के कारण पूरी तरह से ध्वस्त होकर टूट गया है जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित है। अगर इस पर तत्काल मरम्मत नहीं कराई गयी तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है । यह ध्वस्त एवं टूटी हुई सडक खुलआम खुलेआम मौत का दावत दे रहा है । यह मुख्य मार्ग बुरी तरह से टूट गया है जिससे कितने लोगों को अपने आगोश मे लेगा यह ऊपर वाले ही जाने । बताते चले कि धनहां से रतवल सडक बुरी तरह ध्वस्त एवं टूट जाने से सडक का अस्तित्व ही समाप्त हो गया ।ग्रामीणों मे इस बात को भी लेकर आक्रोश है कि मानसून शुरू होते ही पहली बरसात में यह मुख्य मार्ग बुरी तरह से टूट कर ध्वस्त हो गया है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति जन जागरुकता हेतु डीएम ने किया प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। कृषक हित में संचालित अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जन जागरुकता लाए जाने के लिए कलक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने रवाना किया। इस अवसर पर उन्होने उप निदेशक कृषि डा ए के मिश्र को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार जनपद में सुदूर अंचलो तक रोस्टर अनुसार कराए जाने का निर्देश दिया। कहा कि इस योजना में कृषकों की जन जागरुकता आवश्यक है। कृषक गण इसकी पूर्ण जानकारी रखें और इसका लाभ उठाएं। यह योजना फसलो की आपदाओं से हुई नुकसान की भरपायी कृषकों को करती है। अधिक से अधिक कृषक जुड कर इस योजना से लाभान्वित हो। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा ए के मिश्र, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, ओंकार नाथ द्विवेदी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि दीपक सिंह सहित अन्य कृषि विभाग से जुडे कर्मी गण आदि उपस्थित रहे।



## प्रदेश सरकार बाल श्रमिक विद्या योजनान्तर्गत कामकाजी बच्चों को दे रही है शिक्षा

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने श्रमिकों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। प्रदेश में कुशल एवं अकुशल श्रमिकों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण कराते हुए उन्हें संगठित व असंगठित क्षेत्रों में रोजगार दिलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को बहुत बड़ी राहत दी है। उन्हें खाद्यान्न नकद धनराशि सहित बाहरी प्रदेशों से लाकर घर–घर तक पहुंचाया गया है। सरकार ने कोविड–19 के दौरान सबसे ज्यादा ध्यान श्रमिकों का दिया है। श्रमिकों को मनरेगा सहित सभी निर्माण कार्यों में लगाकर रोजगार दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के साथ–साथ उनके बच्चों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री बाल श्रमिक विद्या योजना का आरम्भ 12 जून, 2020 को बाल श्रमिक निषेध दिवस के दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया था। इस योजना के तहत बच्चों को शिक्षा तथा भोजन दोनों प्रदान किये जाने की व्यवस्था है, जिससे कि उनके भविष्य में सुधार आये। इस योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री जी द्वारा श्रमिक परिवार के बच्चों को अच्छा जीवनस्तर प्रदान करने के लिए की गयी है। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के अनाथ बच्चों तथा मजदूरों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत राज्य के बालकों को 1000 रूपये प्रतिमाह और बालिकाओं को 1200 रूपये प्रतिमाह मुहैया कराया जा रहा है।बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत कामकाजी बच्चोंध किशोर– किशोरियों की श्रेणी में 08–18 आयुवर्ग के वह कामकाजी बच्चे किशोर–किशोरी होंगे जो कि संगठित अथवा असंगठित क्षेत्र में कार्य कर अपने परिवार की आय वृद्धि में सहयोग कर रहे हैं। इसमें कृषि–गैर कृषि, स्वरोजगार, गृह आधारित प्रतिष्ठान, घरेलू कार्य व किसी भी प्रकार का अन्य श्रम सम्मिलित होता है। उत्तर प्रदेश बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत प्रतिवर्ष 2000 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य के जो इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, तो उन्हें इसके तहत आवेदन करना होता है। यह योजना श्रमिकों के बच्चों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने में सक्षम बना रही है। 8 से 18 साल आयु के बच्चों को स्कूल–कॉलेज में होना चाहिए, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण वह श्रम से जुड़ जाते हैं, ऐसे बच्चों को इस बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना से आच्छादित बालकों को 12000 रूपये व बालिकाओं को 14400 रूपये प्रतिवर्ष दिये जाने का प्राविधान है। जो लाभार्थी कामकाजी बच्चे किशोर योजना के अन्तर्गत कक्षा 8, 9 व 10 तक की शिक्षा प्राप्त करते हैं तो उन्हें कक्षा 8 उत्तीर्ण करने पर 6000 रूपये, कक्षा 9 उत्तीर्ण करने पर 6000 रूपये व कक्षा 10 उत्तीर्ण करने पर 6000 रूपये की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में देय होगी। बालश्रम विद्या योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार सर्वाधिक कामकाजी बच्चों की संख्या वाले 20 जिलों को लक्षित किया गया है। पूर्व की व्यवस्था के अनुसार इन 20 जिलों से सम्बंधित 13 मण्डलों (आगरा, प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर देवीपाटन मण्डल, लखनऊ, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर) से आवर्त सभी 57 जिलों को भी लक्ष्यपूर्ति हेतु सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। प्रतिवर्ष 2000 बच्चों को लाभान्वित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत बच्चों की पहचान श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से सर्वेक्षणध निरीक्षण में, ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकाय, चाइल्ड लाइन अथवा विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा किया जाता है। यदि माता–पिता या फिर दोनों किसी लाइलाज रोग से पीड़ित हैं तो उनके बच्चों को चयन की प्राथमिकता दी जायेगी। इस प्राथमिकता के लिए चीफ मेडिकल अफसर के द्वारा दिया गया एक सर्टिफिकेट देना होगा। भूमिहीन परिवारों और महिला प्रमुख परिवारों के चयन के लिए 2011 की जनगणना की सूची का उपयोग किया जायेगा। प्रत्येक लाभार्थी की चयन के मंजूरी के बाद इसे ई–ट्रैकिंग सिस्टम पर अपलोड किया जायेगा। उत्तर प्रदेश बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु दस्तावेजों की आवश्यकता होती है जिनमें आवेदक को उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 8–18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक के पास आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास पहचान पत्र होना चाहिए। आवेदक के पास एक मोबाइल नम्बर होना चाहिए साथ ही आवेदक की पासपोर्ट साइज फोटो भी आवश्यक होती है। प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के बच्चों के भविष्य को संवारने हेतु कल्याणकारी कदम उठाया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो0– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।